e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 133
# प्रभात मंत्र
गुरुवार
16.05.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सफलता किस्मत पर निर्भर नहीं करती है, यह तो आपके कर्म पर निर्भर करती है।

ताजा खबरों के लिए देखें

# मंत्री आलमगीर आलम अरेस्ट

## मंत्री के ओएसडी और नौकर के घर से भारी मात्रा में कैश बरामद होने के बाद ईडी ने की कार्रवाई

**ईडी पिछले दो दिनों से उनसे पूछताछ कर रही थी. मंगलवार को ईडी ने उनसे करीब नौ घंटे पूछताछ की थी, वहीं बुधवार को भी उनसे पूछताछ की गई. लंबी पूछताछ के आलमगीर आलम को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया.**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया. कुछ दिनों पहले उनके ओएसडी और नौकर के घर से करीब 35 करोड़ रुपए बरामद हुए थे. ईडी पिछले दो दिनों से उनसे पूछताछ कर रही थी. मंगलवार को ईडी ने उनसे करीब नौ घंटे पूछताछ की थी, वहीं बुधवार को भी उनसे पूछताछ की गई. लंबी पूछताछ के आलमगीर आलम को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया. गत 6 मई को ईडी ने आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू नौकर जहांगीर आलम के घर छापेमारी की थी. इस दौरान उन्हें करोड़ों रुपए कैश मिले थे. छापेमारी के बार संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया गया था.

### मंत्री के ओएसडी संजीव लाल ने दी कई महत्वपूर्ण जानकारियां

प्रवर्तन निदेशालय के रिमांड में चल रहे मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल ने ईडी को कई जानकारियां दी हैं। मंगलवार को मंत्री आलमगीर आलम के साथ उनके पीए संजीव लाल से भी पूछताछ की गई। संजीव लाल से पिछले 7 दिनों से पूछताछ चल रही है। इस पूछताछ के दौरान संजीव ने यह स्वीकार किया है कि जो रुपए उनके और उनके सहायक के यहां से बरामद हुए हैं वह सभी पैसे टेंडर कमीशन के हैं। यह भी बताया है कि टेंडर कमीशन के नाम पर किन-किन लोगों से रुपए लिए गए। ईडी को इस बात की जानकारी मिल गई है कि टेंडर कमीशन के नेक्सस में कौन-कौन लोग शामिल थे। यह भी पता चला है कि ग्रामीण विकास विभाग में ऊपर से नीचे तक के अधिकारियों के बीच कमीशन की राशि का बंटवारा होता था।

### क्या है पूरा मामला ?

मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर के घर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ 32 करोड़ से अधिक की रकम की बरामदगी हुई थी जबकि इस पूरे मामले में हुई छापेमारी में ईडी ने 37 करोड़ से अधिक की रकम को बरामद किया था. मामले में ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए विभाग के चीफ इंजीनियर विरेंद्र राम ने भी ईडी को कई अहम जानकारियां दी थी, जिसमे वीरेंद्र राम के द्वारा बताया गया था कमीशन का करोड़ों रुपया उन्होंने संजीव लाल को दिया था. इस मामले के जांच के क्रम में ईडी ने संजीव लाल और उनके करीबियों के ठिकाने पर छापेमारी की, जिसमे ईडी ने करोड़ों रुपए बरामद किए, वहीं इस मामले में संजीव और जहांगीर को गिरफ्तार किया.



### आलमगीर आलम को विरासत में मिली है राजनीति

आलमगीर आलम झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। वह पाकुड़ विधानसभा से चार बार विधायक रह चुके हैं।फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार में संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास मंत्री हैं। 2006 से 2009 तक झारखंड विधानसभा के स्पीकर भी रह चुके हैं। आलमगीर आलम राजनीतिक परिवार से आते हैं, उन्हें विरासत में ही राजनीति मिली है। वह 2000 में पहली बार विधानसभा के लिए चुने गए। तब से लेकर अब तक वह चार बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं।

# कांग्रेस की होगी करारी हार : पीएम मोदी



एजेंसी

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव के चार चरण के लिए मतदान हो चुके हैं। तीन चरण अब भी शेष हैं। चुनाव जीतने के लिए सभी दल जोर लगा रहे हैं। नेता एक-दूसरे के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने नासिक के डिंडोरी में एक जनसभा को संबोधित किया। चुनाव बाद नकली शिवसेना का नामोनिशाना नहीं रहेगा जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह लोकसभा चुनाव इतनी बुरी तरह से हार रही है कि उनका संविधान के तहत विपक्ष बनना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन के एक नेता ने सुझाव दिया था कि महाराष्ट्र के छोटे-छोटे दलों को चुनाव के बाद कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। मतलब नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय कर लेंगी। जब ऐसा होगा तो मुझे सबसे अधिक बाला साहब ठाकरे याद आएंगे। बाला साहब कहते थे कि जिस दिन उन्हें लगेगा कि शिवसेना कांग्रेस बन गई है, उस दिन वे शिवसेना को खत्म कर देंगे। मतलब अब नकली शिवसेना का नामोनिशान नहीं रहेगा।

**उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन के एक नेता ने सुझाव दिया था कि महाराष्ट्र के छोटे-छोटे दलों को चुनाव के बाद कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। मतलब नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय कर लेंगी।**

सभा में पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक सिर्फ एक ही हैं- उनका अपना प्रिय वोट बैंक। उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मैं जब मुख्यमंत्री था, तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के कुल बजट का 15त्न सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। उस वक्त मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। पूरी भाजपा ने विरोध किया। इसलिए वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे। लेकिन कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहती है।

## क्विक न्यूज

### बॉर्डर पर बीएसएफ ने ढाई किलो हेरोइन बरामद की

**श्रीगंगानगर :** जिले के हिंदुमलकोट बीओपी इलाके के खखां बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल ने तीन पैकेट में हेरोइन बरामद की। इस हेरोइन का वजन ढाई किलो है और इसे पिछले 2 महीने के दौरान किसी समय इलाके में गिराए जाने की आशंका है। किसान इस इलाके में कंबाइन से गेहूं की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान ये पैकेट नजर आए। पीले रंगे के ये पैकेट जीरो लाइन और फैंसिंग के बीच पड़े देखे गए। दोपहर करीब 2 बजे जवान फैंसिंग के दूसरी तरफ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जीरो लाइन से तारबंदी के बीच खेतों में पीले रंग के पैकेट दिखाई दिए। जानकारी मिलने पर बीएसएफ के हिंदुमलकोट बीओपी प्रभारी, प्लाटून कमांडर, सैक्टर मुख्यालय और बटालियन हेड क्वार्टर के अधिकारी मौके पर पहुंचे। राजस्थान की सीमा शुरू होने के बाद पहली बीओपी हिंदुमलकोट है। यह इलाका पंजाब सीमा से करीब 4 से 5 किलोमीटर ही दूर है। ऐसे में पंजाब के तस्कर ही हेरोइन तस्करी में लिप्त पाए जा रहे हैं।

### अब रेल यात्री किसी भी स्थान से बुक करवा सकते है जनरल टिकट

**जयपुर :** जयपुर रेलवे ने साधारण श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को आसान टिकट सुविधा प्रदान करने के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल एप में अहम बदलाव किया है। यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से टिकट बुक करने की दूरी की सीमा को समाप्त कर दिया गया है जिसके फलस्वरूप अब जनरल टिकट किसी भी स्थान से बुक किए जा सकते हैं।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेलवे ने साधारण श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यूटीएस ऑन मोबाइल एप में बड़ा बदलाव किया है, जिसमें जनरल टिकट बुक करवाने की दूरी सीमा को समाप्त कर दिया गया है। इस सुविधा के प्रारम्भ होने के फलस्वरूप अब यात्री जनरल टिकट किसी भी स्थान से बुक करवा सकते हैं।इससे पूर्व यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से जनरल टिकट बुक करने की अधिकतम दूरी सीमा 20 किलोमीटर थी अर्थात् कोई भी यात्री स्टेशन के प्लेटफार्म से अधिक दूरी होने पर टिकट बुक नहीं करवा सकता था। अब दूरी सीमा को समाप्त करने से जनरल टिकट कहीं से भी ऑनलाइन बुक हो सकता है।

### आरजेडी का मतलब रिश्वतखोरी, जंगलराज और दलदल : जेपी नड्डा

**पूर्वी चंपारण :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शिवहर मे चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और आईएनडीआई गठबंधन पर जमकर प्रहार किया।जेपी नड्डा ने कहा कि आरजेडी का मतलब रिश्वतखोरी, जंगलराज और दलदल है।ये दल नहीं है, दलदल है। लोग 2003 में तेलपिलावन लठियाभाजवन रैली को भूले नहीं है। उन्होने कहा कि कांग्रेस जितना बेईमान और धोखेबाज कोई नही है।उन्होने राहुल गांधी पर चुटकी लेते कहा कि राहुल इन दिनों संविधान की पुस्तक लेकर घुम रहे है,पता नही संविधान पढ़ा भी है या नहीं।

### देश का निर्यात अप्रैल महीने में मामूली बढ़कर 34.99 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली:** देश में निर्मित वस्तुओं का निर्यात इस साल अप्रैल में मामूली बढ़कर 34.99 अरब डॉलर रहा है। पिछले साल इसी महीने में यह 34.62 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अप्रैल, 2023 में 49.06 अरब डॉलर रहा था।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल महीने में व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर 19.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि इन आंकड़ों से नए वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत अच्छा होने का संकेत मिलता है। इसके आगे भी बने रहने की उम्मीद है। इस साल मार्च में देश का निर्यात 41.68 अरब डॉलर रहा था, जो एक साल पहले इसी महीने में 41.96 अरब डॉलर था।

### नीरज चोपड़ा ने 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीता स्वर्ण

**भुवनेश्वर :** भुवनेश्वर में चल रहे फेडरेशन कप के भाला फेंक स्पर्धा में भारत के स्टार एथलीट और टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने इसमें हिस्सा लिया और उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नीरज के अलावा किशोर जेना और डीपी मनु ने भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। नीरज और जेना पहले ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं और इसी वजह से सीधे फाइनल्स में उतरे थे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

# केंद्र में सरकार बनाने के लिए इंडिया अलायंस को बाहर से देंगे समर्थन : ममता



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों के तहत काम करने वाली कठपुतली करार दिया. हुगली जिले के चिनसुराह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने दो महीने की अवधि में चुनाव निर्धारित करने के लिए निर्वाचन आयोग की आलोचना की और आरोप लगाया कि अत्यधिक गर्मी के कारण आम लोगों को होने वाली कठिनाइयों की अनदेखी करते हुए भाजपा के पक्ष में यह फैसला लिया. ममता बनर्जी ने कहा,भाजपा 400 सीट जीतने का दावा कर रही है, लेकिन लोग कह रहे हैं कि इस बार ऐसा नहीं होगा. हम केंद्र में सरकार बनाने के लिए 'इंडिया को बाहर से समर्थन देंगे.

बनर्जी ने बंगाल में संशोधित नागरिकता अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक पंजी और समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन के खिलाफ अपनी पार्टी के अडिग रुख की घोषणा की.बनर्जी ने कहा,निर्वाचन आयोग एक कठपुतली है और मोदी के निर्देशों के अनुसार काम करता है. ढाई महीने से मतदान हो रहा है, क्या आपको कभी आम लोगों की परेशानियों का एहसास हुआ है.हुगली से पार्टी की उम्मीदवार अभिनेत्री रचना बनर्जी के साथ मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुनाव के दौरान 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को दायरे में लाने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करने की योजना की कथित रूप से घोषणा करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया.



# अगले चरणों के मतदान के लिए टाइम मैनेजमेंट पर फोकस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** लोकसभा चुनाव में झारखंड के अगले पांचवें, छठे और सातवें चरण के चुनाव में वोटर टर्नआउट बढ़ाने पर फोकस है। जिस बूथ पर 1200 से अधिक वोटर हैं, वहां एक अतिरिक्त मतदानकर्मी रिजर्व से दिया जाएगा। वहीं जहां 800 से अधिक वोटर हैं, वहां सेक्टर पदाधिकारी आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मतदानकर्मी को पोलिंग अफसर के सहयोग के लिए लगा सकेंगे। कोशिश यही होनी चाहिए कि एक वोटर को मतदान करने में कम-से-कम समय लगे। मतदान की गति बड़े और वेटिंग टाइम कम हो सके।

वहीं बूथ मैनेजमेंट बेहतर करने के लिए मतदानकर्मियों सहित बीएलओ, स्वयंसेवकों एवं मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों के प्रशिक्षण मॉड्यूल में शामिल करने के लिए मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित किया गया है। जिस मतदान केन्द्र पर भी शाम पांच बजे के बाद तक मतदान की संभावना हो, वैसे चिह्नित किए गए बूथों पर पर्याप्त रोशनी के लिए जेनरेटर की भी व्यवस्था की जा रही है। वहीं मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप की गतिविधि भी तेज की जा रही है। माइक्रो लेवल पर जाकर मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चतुर्थ चरण के हुए मतदान के इनपुट के आधार पर आगामी चरणों के निर्वाचन प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदान प्रक्रिया के हरेक बिन्दु पर विस्तृत दिशा-निदेश दिए गये हैं।

# सीएए के तहत पहली बार 14 शरणार्थियों को मिला नागरिकता प्रमाण पत्र



एजेंसी

**नई दिल्ली :** सीएए को लेकर लोकसभा चुनाव में सियासी वार-पलटवार के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र ने इसके तहत नागरिकता प्रमाण पत्र का वितरण शुरू कर दिया है। इस कानून के तहत बुधवार को पहली बार केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने दिल्ली में 14 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा। इसके साथ ही देश भर के करीब 31 हजार गैर मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का सिलसिला शुरू हो गया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में सीएए बड़ा मुद्दा है। विपक्षी गठबंधन में शामिल दल न सिर्फ इसका तीखा विरोध कर रहे हैं, बल्कि सत्ता में आने पर इस कानून को खत्म करने का वादा भी कर रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा सीएए का विरोध करने वाले दलों को हिंदू विरोधी बता कर लगातार पलटवार कर रही है। पार्टी नेता विपक्ष पर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगा रहे हैं। सीएए को बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में अधिनियमित किया गया था, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है।

# आरक्षण समाप्त करना चाहती है भाजपा : खड़गे

शशिभूषण दुबे @ लखनऊ



**लखनऊ :** अमेठी लोकसभा के डीह में अमेठी सेवा संकल्प सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा-आरएसएस की विचारधारा गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को कुचलने की है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है। संविधान खत्म हो गया तो जनता गुलाम बन जाएगी। उन्होंने स्थानीय जनता से पूछा क्या आपको गुलामी पसंद है? जवाब में जनता ने हाथ और सर हिलाकर ना कहा, खरगे ने कहा संविधान गया तो जनता के बुनियादी हक नहीं बचेंगे और आरक्षण खत्म हो जाएगा। लेकिन कांग्रेस ऐसा कभी नहीं होने देगी।अमेठी तो कांग्रेस का गढ़ था, लेकिन मोदी और अमित शाह इतना दबाव दिए कि पिछला चुनाव हार गए, जीतने के बाद मोदी का अहंकार इतना बढ़ गया कि मैं हूं तो सब है, और मोदी ने हमेशा गरीबों को कुचला, पहले 70 साल कहते थे कि कुछ नही किया अब 55 साल लाए हैं , खरगे ने कहा कि हम 70 साल की काम की लिस्ट देगें तुमने 10 साल में क्या किया उसका हिसाब दो, कहा दो करोड़ रोजगार दूंगा, 15 लाख दूंगा, आय दुगुनी करुंगा सब झूठ निकला इसका मतलब मोदी झूठों के सरदार हैं। उत्तर प्रदेश के अमेठी संसदीय क्षेत्र के डीह में कांग्रेस इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा किशोरी लाल इस क्षेत्र की सेवा पिछले 40 साल से कर रहे हैं। यहां के हर एक जगह से वाकिफ हैं। अमेठी को बनाने में उनका बहुत योगदान जमीन पर रहा है।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे का निधन

**भोपाल (एजेंसी):** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां और सिंधिया राजघराने की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन हो गया है. उनकी मौत से राजनीतिक जगत में शोक है. दिल्ली में निधन के बाद माधवी राजे के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए मध्य प्रदेश के ग्वालियर लाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा.मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने माधवी राजे को श्रद्धांजलि दी.

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 | www.asarfihospital.com

# प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड से विस अध्यक्ष के हाथों नवाजे गए पर्यावरणविद कौशल व मुखिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रांची के बीएनआर, चाणक्य होटल में आयोजित एक सम्मान समारोह में सूबे के विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो ने प्रख्यात पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल को प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पर्यावरण विद कौशल किशोर जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल ने विस अध्यक्ष को सिंगापुर के फिडल लिफ्ट और थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा प्रदान किया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष श्री महतो ने राज्य भरसे आये विभिन्न क्षेत्रो में विख्यात लोगों को बारी- बारी से सम्मानित किया। उन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में विख्यात विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके धर्मपत्नी सह डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल भी उपस्थित थीं। यह उल्लेखनीय है कि पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल किशोर को अबतक देश, विदेश में 61 अवार्ड मिल चुके हैं। सम्मानित होने के बाद वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि पिछले 18 माह के भीतर उन्हें नौ अवार्ड मिला है। पर्यावरणविद को सूबे के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विधानसभा अध्यक्ष, रविंद्र नाथ महतो, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश समेत पलामू के तत्कालीन प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी, उपायुक्त आंजनयेलु डोडे , पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित कई राज्यों के कई स्कूलों के प्रिंसिपल द्वारा उन्हें अवार्ड मिल चुका है। उन्होंने यह भी बताया उन्हें पिछले वर्ष मलेशिया में भी आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान नामक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उक्त समारोह में उनकी धर्मपत्नी और संस्था के प्रधान सचिव सह डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल भी दर्जनों कार्यक्रम में उपस्थित होकर साक्षी बनी रहीं जो उनके जीवन में गौरव का क्षण है।

## सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह के अध्यक्षता में मिडिया ब्रिफिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के समीप लातेहार सदर अस्पताल में 16 मई को होने वाले राष्ट्रीय डेंगू दिवस कार्यक्रम को लेकर बुधवार को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्या चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार डॉ अवधेश सिंह के अध्यक्षता में मिडिया ब्रिफिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू से बचाव हेतु जनमानस में जन जागरूकता हेतु मिडिया से अपील किया गया, ताकि जन समुदाय को डेंगू से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरूक करना एवं बेहतर स्वा0 हेतु व्यवहार परिर्वतन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालन हेतु सामुदायिक स्वा0 केन्द्र एवं स्वा0 उपकेन्द्र स्तर पर प्रभात फेरी / ग्राम गोष्ठी एवं विद्यालय जगरूकता कार्यक्रम किया जाना है तथा जिला स्तर पर भी प्रभात फेरी निकाली जायेगी। उक्त कार्यशाला में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्या चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार/जिला मलेरिया पदाधिकारी, लातेहार / जिला कार्यक्रम प्रबंधक / जिला भी0बी0डी0 सलाहकार, उपस्थित थे।

## शिक्षक पुत्र ने सीडीएस क्वालीफाई कर प्रखंड का नाम रौशन किया



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर प्रखंड के खरडीहा गांव निवासी सहायक अध्यापक रमेश कुमार सिंह के पुत्र विष्णुकांत कुमार सिंह ने सीडीएस की परीक्षा पास कर ली है। अब वे सेना में अधिकारी बनेंगे। विष्णुकांत कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने सीडीएस की परीक्षा को लेकर कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा कि इसमें उनके अभिभावकों के अलावा शिक्षकों का पूरा सहयोग और आशीर्वाद रहा है। उन्होंने कहा कि वह सेना में नौकरी कर देश की सेवा करना चाहते हैं। उनकी इस सफलता पर परिवार में उत्सव सा माहौल है। गांव के लोगों में भी खुशी है।पारा शिक्षक के पुत्र ने सीडीएस क्वालीफाई कर प्रखंड का नाम रौशन किया।

# सामाजिक नेतृत्वकर्ताओ को दिया गया एक दिवसीय शारीरिक शिक्षा का प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बुधवार को विकास केंद्र सामटोली के सभा भवन सिमडेगा में सामाजिक नेतृत्वकर्ताओ को एक दिवसीय शारीरिक शिक्षा के बारे में प्रशिक्षण संस्था साख फाउंडेशन एवं ईएलएमएस सपोर्ट फाउंडेशन के संयुक्त माध्यम से आयोजन किया गया जिसमें सिमडेगा, पाकरटॉड एवं ठेठइटांगर के 24 सामाजिक नेतृत्वकर्ताओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वंही प्रशिक्षण में साख फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर अभिजीत सिन्हा एवं डोलन सिंह (इ.एल.एम.एस) ने परियोजना छलांग के माध्यम से चल रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा की सामाजिक कार्यकर्ता स्कूल गर्मी छुट्टियों में एक माह के लिए परियोजना छलांग में चल रहे कार्यक्रमों को खेलकूद के साथ - साथ गांव स्तर में बच्चों को उनका पढ़ाई पर ध्यान देंगे और गांव स्तर में इसका पहल कराएंगे। इस कार्यक्रम में पीपीटी के माध्यम से 38 गेम के बारे में चर्चा किया गया साथ ही प्लेग्राउंड में सभी को ले जाया गया, जहां छलांग के ए.फसी निर्मल सिंह, मिना, सुदर्शन सिंह एवं सुरज के द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं को ट्रेफिक रन, स्टील द ट्रेजरर, बिल्ड एंड बुल्डोजर, डोज हैंड बॉल, लेट्स डु द एडीसन, ट्रेजरर हंट पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गइ एवं खिलवाया गया।


# महादलित परिवार आज भी कबाड़ चुनने को मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** आजादी के 76 साल बीत जाने के बाद आज भी महादलित परिवार पढ़ाई कि उम्र में कबाड़ चुनने को मजबूर है। लालसा तो इतना कि पढ़ कर नौकरी का शौक रखता है पर पेट कि सवाल सपना पर पानी फेर देता है ताजा मामला पलामू जिला कर नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के नौडीहा पंचायत के कोइरीपतरा का है जहाँ कुछ दिन पहले महादलित परिवार को लेकर राजनीतिक हलचल मच गई थी उपायुक्त पलामू सहित कई जनप्रतिनिधियों ने उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कि थी जमीन का पर्चा देकर आधार कार्ड,आवास बनाने कि बात कहा था और बना भी लेकिन उसी महादलित परिवार के बच्चे कलम के जगह डंडा और डंडे में कपड़े कि झोली बांध बोतल चुनकर उसी बोतल को बेच अपना और अपने परिवार का भर्मण पोषण करते हैं। अभी लोकसभा चुनाव है और प्रत्याशी अपने पक्ष में वोट करने कि अपील करते हैं लेकिन कोई उनकी सुधि नहीं लेता ना रोजगार कि बात करते नहीं शिक्षा और नहीं स्वास्थ्य ऐसे में किस आधार पर जनता वोट करेगी। बहुदरा नामक बच्चा ने पूछने पर बताया कि प्रखंड क्षेत्र के कुंदरी, लेस्लीगंज, कमलपुर सहित कई जगह इस चिलचिलाती धुप में भी कबाड़ी चुनने जाते हैं और दिनभर में 10से 11किलो कबाड़ चुन कर 150-200 रु.में बेच देते हैं और शाम को दो वक्त कि रोटी मिल जाती है साथ ही बताया कि स्कूल में नामांकन नहीं हुआ है और हाल में ही घर बनने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में सरकार कि व्यवस्था पर कई सवाल खड़ा होता है क्या अब भी इन बच्चो के लिए सरकार कोई पहल करेगी या फिर हर रोज कि तरह बच्चे को कलम कि जगह कबाड़ ही चुनना पड़ेगा।

## रिद्धि सिद्धि होटल के समीप से एक साथ दो बाइक की चोरी



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद स्थित होटल रिद्धि सिद्धि के समीप से दो लोगों की बाइक एक साथ चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। चुनाव के दो दिन पूर्व भाजपा की बाइक रैली में संतोष कुमार सिंह व विनय पासवान गए थे। वापस लौट कर होटल रिद्धि सिद्धि परिसर में बाइक लगा कर अन्दर खाना खाने चले गए।एक घंटा बाद वापस आने पर संतोष और विनय की बाइक गायब थी। सीसीटीवी कैमरा देखने पर पता चला कि 1.45 बजे दिन में दो अज्ञात युवक बाइक लेकर निकल गए है। इस दिनों भुक्त भोगियों ने काफी खोज बीन करने के बाद हुसैनाबाद थाना पुलिस को बाइक चोरी होने संबंधित आवेदन दिया है। आवेदन में संतोष कुमार सिंह की एकस्प्लेंडर कला रंग की जेएच 03 आर 7045 एवं विनय पासवान की एकस्प्लेंडर कला रंग की जेएच 03 एएल 4031 है। दोनो ने पुलिस से मामले की छान बीन कर बाइक का पता लगाने का आग्रह किया है।

## जंगली हाथी से बचाने के लिए वन विभाग ने लांच की एप्लीकेशन

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जंगली हाथी से बचाने के लिए वन विभाग ने लांच की एप्लीकेशन। एप्लीकेशन इंस्टॉल करने के बाद आप जान सकते हैं हाथी आपसे कितना दूरी पर है। अगर आपके नजदीक आता है हाथी ,तो करेगा एप्लीकेशन आपको अलर्ट। किस क्षेत्र में कहां पर कितना है हाथी, इसके बारे में देगी विस्तार पूर्वक एप्लीकेशन जानकारी। वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास कुमार उज्ज्वल ने दी जानकारी, कहा- अधिक से अधिक लोग एप्लीकेशन डाउनलोड करके हाथियों की वर्तमान स्थिति की ले सकते हैं जानकारी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत अंडरट्रायल प्रिसनर से संबंधित रिव्यु कमिटी की बैठक हुई संपन्न

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला स्तरीय मोनिट्रिंग कमिटि, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तहत् पीड़ित मुआवजा योजना न्याय शुल्क संबंधी जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा अंडरट्रायल प्रिसनर से संबंधित रिव्यु कमिटि की बैठक का आयोजन प्रधान जिला जज-सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा, राजीव कुमार सिन्हा के प्रकोष्ठ में बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा सौरभ, आशा डी0 भट्ट, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-I, नरंजन सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-II, मनीष कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा, मरियम हेमरोम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण, जिला वन पदाधिकारी, बसंत कुमार, अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ, सिमडेगा एवं जिला के तमाम गणमान्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर पीड़ित को मुआवजा देने संबंधी, आवेदकों को न्याय शुल्क देने संबंधी विषय एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों का सकारात्मक सहयोग रहा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## नीरू शांति भगत के पहल पर कुडु में लगा 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा क्षेत्र की राजग की पूर्व प्रत्याशी नीरू शांति भगत जी के प्रयास से कुडु में 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगा। इस कार्य से कुडु वासियों को पिछले दिनों से जो भीषण गर्मी में अंधेरे में जीवन व्यतीत करना पड़ रहा था, उससे छुटकारा मिल गया। कुडु क्षेत्र के वासियों ने इस हेतु नीरू शांति भगत जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जनप्रतिनिधि को इस तरह से ही संवेदनशील होना चाहिए जो कि जनता के समस्याओं को त्वरित निष्पादित करवा कर उनके सुख सुविधा का ध्यान रखें।

# शांति निकेतन पब्लिक स्कूल हासिल किया नया मुकाम बोर्ड ने दी मान्यता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** लातेहार जिले के जाने-माने मशहूर विद्यालय शांति निकेतन पब्लिक स्कूल बरवाडीह ने बड़ी सफलता हासिल किया है। मंगलवार देर रात एक ईमेल ने विद्यालय परिवार में खुशियां बिखेर दी, खुशनुमा माहौल बन गया जब सीआईएससीई बोर्ड ने मान्यता से संबंधित पत्र भेज दिया। जहां संस्था जागृति ग्राम उत्थान के द्वारा संचालित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल को सीआईएससीई से संबद्धता प्राप्त होने की जानकारी के बाद विद्यालय के निदेशक डॉ पवन कुमार द्वारा प्रेस वार्ता किया गया।इस दौरान कुमार ने बताया कि हमारे स्कूल की स्थापना 2016 में हुई थी , विद्यालय का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व सुदूरवर्ती इलाकों के बच्चों को कम खर्च पर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा मुहैया कराना है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रबंधन द्वारा काफी बेहतर प्रयास किया जाता रहा है, विद्यालय का पूर्व में संबद्धता नहीं मिलने से परेशानी महसूस कर रहा था, लेकिन लंबे संघर्ष के बाद आज विद्यालय इस मुकाम पर पहुंचा है। बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्धन बच्चों को भी मंहगी शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है जिसे लेकर कई सुविधाएं दी जा रही है जिसमें री एडमिशन फीस नहीं लिया जाना, प्रत्येक वर्ष पाठ्य पुस्तकों नहीं बदला जाना शामिल है। उन्होंने बताया कि मान्यता मिलने के बाद से नवीं कक्षा में एडमिशन शुरू होगा। उन्होंने सीआईएससीई बोर्ड का टीम के सदस्यों, अभिभावकों, शुभचिंतकों का आभार प्रकट किया है। बता दें कि संबद्धता को लेकर सीआईएससीई के टीम का इंस्पेक्टर, हेरीटेज स्कूल कोलकाता के प्रिंसिपल सीमा सप्रू, लोयोला स्कूल भुवनेश्वर उड़ीसा के प्रिंसिपल ए अमला डॉस द्वारा 27 व 28 मार्च और तीन व चार अप्रैल को विद्यालय का निरीक्षण सभी बिन्दुओं पर गहनता से किया गया था और संतुष्टि के बाद संबद्धता का अश्वासन दिया गया था। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सीमा गुप्ता, प्राचार्य एच एस स्वाधीन पाल मौजूद रहे।

## झामुमो के साथ चतरा में गठबंधन हुआ एकजुट : दीपक

# चतरा लोकसभा क्षेत्र के गांव-गांव पहुंच रही पलामू झामुमो की टीम, एक मत होकर वोट देने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झामुमो के कद्दावर युवा नेता दीपक तिवारी ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जननेता केएन त्रिपाठी के पक्ष में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर-पीतांबर पुर से लेकर, पदूमा, मनातू, चक तक जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वहीं पांकी के रतनपुर के अलावा मनिका विधानसभा क्षेत्र के बकोरिया, बरवाईया, बिहरा, अखरा, झरनाचौक, बखात समेत दर्जनों गांव का दौरा किया। हर टोले पर बस्ती के लोग उमड़कर उनकी बातों को सुन रहे हैं, एवं लोकसभा क्षेत्र की समस्या से अवगत करा रहे हैं। झामुमो नेता दीपक तिवारी से प्रभावित होकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी को विकल्प को तौर पर लोग देखने लगे हैं। इस दौरान माहताबुल्लाह, मिकू तिवारी, परवेज अख्तर जनता को इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने के लाभ से अवगत करा रहे हैं। विभिन्न पंचायतों में आयोजित जनसंपर्क के दौरान दीपक तिवारी ने बताया कि जनता को सरकार से न्याय की उम्मीद नहीं रही है। पलामू में उम्मीदवार का विरोध ही चार सौ पार के नारे की ख्वाब को तोड़ दिया है। उसके विपरित चतरा में दिग्गज कांग्रेसी जननायक के एन त्रिपाठी को जनता अपना उम्मीदवार मानकर समर्थन दे रही है। पलामू से उठी इंडिया गठबंधन के पक्ष में लहर विरोधी खेमे में हलचल मचा रखी है। जिससे पांकी, मनिका, लातेहार, हंटरगंज समेत चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता अपनी आवाज के एन त्रिपाठी को बनाने के लिए तैयार हैं। यही समर्थन चार जून को झारखंड में विपक्षियों को पटखनी देगी। दीपक तिवारी ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रिमो लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सरकार में रहते हुए जनता का काम नहीं करने दिया गया। उन्हें षड्यंत्र कर जांच एजेंसी का दुरूपयोग कर जेल भेजने का घिनौनी राजनीति की गई। जिसका जवाब हम इंडिया गठबंधन को मजबूत कर दे सकते हैं। जिसमें सभी घटक दलों को जवाबदेही के साथ धरातल पर कार्य करना होगा। वहीं दीपक ने 20 मई को घर-घर से निकलकर बूथ पर जाकर एकमत होकर वोट देने की अपील की। दीपक तिवारी ने बताया कि पांच साल कोसने के बजाय एक दिन एकजुटता के लिए वोट देकर लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। आपका वोट ही झारखंड की लूटती अस्मिता को बचाने का एकमात्र उपाय है।

# क्षत्रिय समाज की बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** क्षत्रिय समाज की बैठक चंदवा प्रखंड के सिकनी गांव में लाल रंजन नाथ शाहदव के आवासीय परिसर में की गयी। बैठक कि अध्यक्षता जय कुमार सिंह ने किया।बैठक में अगले माह में जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय बैठक कर कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। लोकसभा चुनाव में देश हित को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह को अपना समर्थन देकर विजयी बनाने का निर्णय लिया गया।जय कुमार सिंह ने कहा कि देशहित से उपर कुछ भी नही है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करते हुए चतरा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को वोट देने की अपील की है। लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने कहा कि जिस तरह से देश का विकास भाजपा के नेतृत्व में हो रहा है उसे आगे भी जारी रखने की जरूरत है। मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह भी पहुंचे और उन्हे समाज के लोगों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर राजू सिंह, राजेश साही, युदनाथ सिंह, प्रकाश सिंह, मिथलेश सिंह, अमरजीत सिंह, अमर लाल, ब्रजेश सिंह, मोहर सिंह, त्रिपुंजय सिंह, विनोद सिंह व विजय सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गांडेय विस उपचुनाव में सीपीआई ने कल्पना सोरेन को समर्थन देने की घोषणा की

**रांची :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने बयान जारी कर कहा की गांडेय विधानसभा उप चुनाव में झामुमो प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्म पत्नी कल्पना सोरेन को समर्थन की घोषणा करती है एवम वहां की जनता से अपील करती है कि उन्हें भारी मतों से विजय बनाएं। साथ ही साथ राज्य सचिव पाठक ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड में हजारीबाग, चतरा ,एवं दुमका, लोकसभा से चुनाव लड़ रही है। इन तीन लोकसभा सीटों के बाद जिन सीटों पर सीपीआई के प्रत्याशी नहीं है, उन सीटों पर राष्ट्रीय परिषद के फैसले के अनुसार भाजपा को हराने वाले दल और उम्मीदवारों को पार्टी अपना समर्थन करेगी। सीपीआई के एक एक कार्यकर्ता भाजपा हराओ अभियान में जुट जाए एवम भाजपा को झारखंड में हराने में सशक्त भूमिका निभाए । ताकि सविधान एवम लोक तांत्रिक मूल्यों की रक्षा की जा सके।

### प्रतिभा सम्मान समारोह नौ जून को रांची के महाराजा अग्रसेन भवन में

**रांची :** रांची के मारवाड़ी समाज के मेधावी छात्र- छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह नौ जून को स्थानीय महाराजा अग्रसेन भवन में किया जाएगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक प्राप्त करने या प्रोफेशनल डिग्री हासिल करने वालों प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# 379 सीटों पर मतदान से साफ हो गया है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी : जयराम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने पत्रकारों को संबोधित किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चार सवाल पूछे। जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से पूछा कि वे बताएं कि क्या उनकी विचारधारा भारतीय संविधान को स्वीकार करती है या नहीं? वह जाति और आर्थिक जनगणना पर चुप क्यों हैं, तीसरे सवाल में आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से बढ़ाने पर वह चुप क्यों हैं सार्वजनिक मंच पर बताना चाहिए कि क्या वह 50त्न की सीमा हटाने के पक्ष में हैं या नहीं? और आखिरी सवाल के तौर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा कि वह बताएं कि उनकी सरकार ने आदिवासियों के हित में बने कानूनों में संशोधन कर उन्हें कमजोर क्यों किया। पूंजीपतियों के लिए उनकी सरकार ने वन अधिकार कानून 2006, वन संरक्षण कानून 1960, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 बनाया, इसमें संशोधन कर इसे कमजोर क्यों किया गया? जयराम रमेश ने कहा कि पहले दो चरण के मतदान के बाद यह साफ हो गया है कि बीजेपी को दक्षिण भारत में और आधे उत्तर भारत में क्लीन स्वीप मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में चार चरणों का मतदान हो चुका है, 379 सीटों पर मतदान हो चुका है और अब यह साफ हो गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है। बाकी तीन चरण के मतदान का चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जयराम रमेश ने कहा कि हार देखने के बाद नरेंद्र मोदी की भाषा बदल गई है। प्रधानमंत्री हताश और निराश हैं। इस मौके पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# पीएम मोदी चुनाव प्रचार के दौरान मुख्य एजेंडे से हटकर स्तरहीन बाते कर रहे हैं : राणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने धुर्वा स्थित राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव के आवासीय कार्यालय में राजद के प्रमुख साथियों संग एक आवश्यक बैठक किया ! बैठक के दौरान गौतम सागर राणा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के दौरान मुख्य एजेंडा से हटकर उलूल जुलूल और स्तरहीन बयानबाजी कर रहे हैं ! देश मे हिंदू मुस्लिम तुष्टिकरण करने के लिए लगातार प्रयास कर धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं लेकिन 4 चरणों के मतदान के लिए बीजेपी एनडीए को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है इसलिए हार के हताश में मुख्य मुद्दा को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं ! इस दौरान प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा देश में 5 वें राज्य में दूसरे चरणों के मतदान के साथ देश के 40 फीसदी युवा और महिला इस बार मोदी के झूठे सपने दिखाने के खिलाफ परिवर्तन के लिए इंडिया गठबंधन को वोट कर रहे हैं ! भारत के भाग्य विधाता युवा वर्ग प्रचंड बेरोजगारी से परेशान हैं पीएम मोदी के प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोगो को नौकरी/ रोजगार देने का वादा फेल होने से युवा वर्ग मायूस हैं ! मोदी सरकार के 10 वर्षो के कार्यकाल में लगभग 45 करोड़ बेरोजगारी बढ़ गई है ! इसलिए युवा महिला किसान मजदूर और निम्न मध्यम व्यापारी वर्ग सहित आम जनता काफी अक्रोषित है । यादव ने कहा की चतरा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस के केएन त्रिपाठी और कोडरमा से माले के विनोद सिंह के पक्ष में 17,18 मई को चतरा में टंडवा बचरा तथा कोडरमा में तीसरी बेंगाबाद कोडरमा में शामिल होकर इंडिया गठबंधन के दोनो उम्मीदवारों के पक्ष में कार्यक्रम कर वोट देने का अपील किया जाएगा ! बैठक में गौतम सागर राणा के साथ महासचिव कैलाश यादव,आबिद अली रामकुमार यादव चंद्रशेखर भगत सुधीर गोप शबर फातमी लालू जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

# नकदी के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपितों को मिली जमानत





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार की कोर्ट ने चार लाख 56 हजार नकदी के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपितों को बुधवार को जमानत दे दी। गिरफ्तार आरोपितों में अश्विनी रजवार, रवि कुमार राय और प्रखर रंजन शामिल हैं। तीनों आरोपितों को पांच-पांच हजार के निजी मुचलके पर जमानत दी गई है। आरोपितों की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। उल्लेखनीय है कि 11 मई की देर शाम झारखंड विधानसभा के पास से पुलिस ने लाल रंग के स्विफ्ट कार से चेकिंग के दौरान चार लाख 56 हजार रुपये कैश बरामद की थी। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इस संबंध में विधानसभा थाने में कांड संख्या 19/2024 दर्ज किया गया था।

# रांची लोकसभा में 92 वर्षीय अजीज के घर मतदान कराने पहुंची निर्वाचन की टीम

**परवेज़ कुरैशी प्रभात मंत्र**

**रांची।** रांची लोकसभा का मतदान 25 मई को होगी। जिला उपायुक्त सह रांची लोकसभा निर्वाचन पदाधिकारी राहुल सिन्हा इस चुनाव में एक भी मतदाता छूटे नहीं इसको लेकर जबरदस्त अभिनय चला रहे हैं। खास कर 18 साल के युवाओं के बीच प्रचार प्रसार कर ही रहे हैं, वहीं महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग सहित सभी क्षेत्रों से जुड़े मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं जागरूक कर रहे हैं ताकि मतदाता मतदान केंद्र पहुंचे । यदि कोई बुजुर्ग हैं बीमार हैं, दिव्यांग है और किसी कारणवश अपने मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते हैं ऐसे मतदाताओं के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इसी अभियान के तहत रांची लोकसभा क्षेत्र के लोअर बाजार थाना अंतर्गत वार्ड पंद्रह के कोनका सिरम टोली निवासी 92 वर्षीय अजीज जो रांची 63, क्षेत्र भाग संख्या 212 मतदाता क्रम सूची संख्या 54 बीएलो बी बारा है। 15 मई निर्वाचन की टीम वरिष्ठ मतदाता अजीज के घर पहुंच कर उन्हें बैलेट पेपर से मतदान कराया।



# ईडी ने प्रॉपर्टी असेसमेंट के लिए न्यूक्लियस मॉल की कराई मापी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ईडी की टीम ने प्रॉपर्टी असेसमेंट के लिए बुधवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल के लालपुर स्थित न्यूक्लियस मॉल के जमीन की मापी करवाई। उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाला मामले में विष्णु अग्रवाल को ईडी ने 31 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। विष्णु अग्रवाल के खिलाफ जांच में ईडी को काफी तथ्य मिले थे। ईडी ने पाया था कि चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की खरीद फर्जी दस्तावेजों से हुई थी। इसके अलावा सेना की सिरमटोली की जमीन भी गलत दस्तावेज के आधार पर की गई थी। पुगडु में 9.30 एकड़ जमीन की खरीद बिक्री में भी गलत दस्तावेजों का प्रयोग हुआ था।

# सबसे ज्यादा रांची लोस जीतने वाली पार्टी कांग्रेस को इस बार भी है जीत का इंतजार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** देश की आजादी के बाद से अब तक रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए हुए चुनाव में सबसे ज्यादा बार कांग्रेस ने विजयश्री हासिल की। आजाद भारत में सबसे पहले लोकसभा का चुनाव 1952 में हुआ। रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 17 चुनाव हुए। जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 8 बार सफलता मिली जबकि भाजपा को 6 बार विजयश्री हासिल हुई। इसके अलावा तीन बार 1957 1977 और 1989 में क्रमशः स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मीनू मसानी जनता पार्टी के टिकट पर रवींद्र वर्मा और जनता दल के टिकट पर सुबोध कांत सहाय को सफलता मिली थी। कांग्रेस के उम्मीदवार अब्दुल इब्राहिम ने 1952 में पहली जीत दिलाई थी, पीके घोष 1962 में 1967 में और 1971 में शिव प्रसाद साहू 1980 और 1नं984 में, सुबोध कांत 2004 और 2009 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे। इसके अलावा सुबोध कांत सहाय जनता दल के टिकट पर 1989 में भी चुनाव जीते थे। इसी प्रकार भाजपा के के रामटहल चौधरी 1991, 1996, 1998, 1999 और 2014 तथा भाजपा के ही संजय सेठ 2019 में सफलता हासिल की। कांग्रेस के प्रत्याशी आठ बार चुनाव जीतने में सफल रहे वहीं भाजपा के प्रत्याशी छह बार चुनाव जीते लेकिन जहां राम पहला चौधरी 5 बार चुनाव जीतने में सफल रहे वहीं कांग्रेस के पीके घोष तीन बार और सुबोध कांत सहाय भी तीन बार चुनाव जीतने में सफल रहे। फर्क इतना था की सुबोध कांत दो बार कांग्रेस के टिकट पर और एक बार जनता दल के टिकट पर चुनाव जीते।

# राईन उर्दू गर्ल्स स्कूल की सफल छात्राओं को किया गया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राईन उर्दू गर्ल्स स्कूल द्वारा आयोजित माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में स्कूल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) विनय कुमार सिंह छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीईओ ने छात्रों के मेहनत एवं लगन की सराहना करते हुए आगे भी ऐसी प्रतिभा को प्रदर्शित कर क्षेत्र और राज्य का मान बढ़ाने की शुभकामनाएं दी। डीईओ ने जैक इंटरमेडियेट में गुलफशा परवीन, हेना परवीन, अरिबा परवीन और मेट्रिक बोर्ड में मुसर्रत परवीन, आयशा सज्जाद, मंतशा परवीन को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

बाकी सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल फरहीन नाज़ और स्कूल के सचिव हाजी हसनैन, हाजी जावेद ने संयुक्त रूप से कहा कि बच्चों को सम्मान से ऊर्जा मिलती है। जीवन सफर में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर प्रिंसिपल फरहीन नाज़, शिक्षक रिजवाना खातून, सुषमा फेरदिना ,फरहा शमीम, रोकैया तबस्सुम, सायमा अर्शी, सारिया फिरदौस, हुमा परवीन, कनीज फातिमा, शादाब परवीन, निकहत परवीन, शगुफ्ता शाहीन, नुसरत परवीन समेत स्कूल परिवार के सभी लोग उपस्थित थे।

# रांची के साइबर सेल ने ठगी के एक करोड़ एक लाख 80 हजार रुपये पीड़ितों को लौटाए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर अपराध थाने में मार्च 2022 से अबतक 22,924 मामले दर्ज हुए हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 करोड़ 32 लाख 30 हजार रुपये फ्रीज किये गये। फरवरी से लेकर अब तक पिछले तीन महीने में साइबर अपराध थाने में साइबर ठगी से संबंधित 18 कांडों में पीड़ितों को पैसा रिफंड कराया गया। साइबर सेल की टीम ने साइबर ठगी के एक करोड़ एक लाख 80 हजार 791 रुपये पीड़ितों को रिफंड कराया। सीआईडी के साइबर अपराध थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बुधवार को बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर आप साइबर अपराध की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। रिपोर्ट किये जाने पर साइबर थाना ठगी से संबंधित बैंक खाता और ट्रांजैक्शन को ब्लॉक करता है। डीएसपी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर ठगी की रिपोर्टिंग के लिए नेशनल साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल की शुरुआत की है। इसके तहत डिजिटल बैंकिंग, क्रेडिट, डेबिट कार्ड और यूपीआई के इस्तेमाल से होने वाली साइबर ठगी की त्वरित रिपोर्टिंग के लिए सिटिजन फाइनेंशियल फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम विकसित की गयी है। इस पर 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज की जा सकती है।

### आयुक्त ने की सभी मतदाताओं से वोट देने की अपील



**रांची :** दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा की सभी मतदाताओं से वोट देने की अपील की है। मिश्रा ने होने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें और राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनें। आपका एक वोट भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए संविधान प्रदत्त इस अधिकार का प्रयोग जरूर करें।

# कार्मिक डीआईजी नौशाद ने दो पुलिस कर्मियों को कल्याण सहायता राशि से की मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पाकुड़ जिला के संयुक्त सचिव व सअ नि प्रमोद कुमार सिंह कुछ दिनों से आलम हॉस्पिटल बरियातू राँची में इलाजरत है, परिवार के सदस्य भी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं रहने से परेशान हैं वहीं रांची जिला के सअनि सुखराम भी महावीर मेडिका में इलाजरत हैं।

उक्त दोनों पुलिस पदाधिकारियों के पुत्र शुभम सिंह एवं दीपक कुमार को झारखंड पुलिस एसोसिएशन की प्रांतीय टीम के महामंत्री मो महताब आलम एवं संयुक्त सचिव रंजन कुमार की उपस्थिति में पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक एवं बजट मो नौशाद आलम को जब इस पूरे मामले की जानकारी दी गई तो उन्होंने अपने पीड़ति पुलिसकर्मियों की मदद के लिए तुरंत कल्याण सहायता राशि से मदद पहुंचाई। पीड़ति प्रमोद कुमार सिंह को 75000 रुपया एवं सुखराम को1,00000 (एक लाख रुपये)कल्याण कोष से सहायता राशि नगद दिया गया और परिवार को आश्वासन दिया गया कि उनके साथ पूरी प्रांतीय टीम उनके दुख के साथ खड़ी है ।

जो भी मदद होगी वह हर संभव मदद किया जाएगा।

# भाजपा को चार सौ से ज्यादा सीटें मिलीं और मुसलमानों का आरक्षण खत्म : हिमंत

### वह आरक्षण यहां के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलना चाहिए




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा बुधवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि देश में मुसलमानों को आरक्षण का कोई हक नहीं है। वह आरक्षण यहां के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलना चाहिए। आप भाजपा को चार सौ पार सीटें दो मुस्लिमों का आरक्षण खत्म कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि देश की जिन राज्यों में कांग्रेस और उनके गठबंधन की सरकार है, वहां पर ओबीसी के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को दिया जा रहा है लेकिन भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि जब भाजपा ने 300 सीटें पार किया था तब देश में कई कार्य हुए। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा दिया गया। बाबरी मस्जिद की जगह भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया। देश में सीएए लागू हो गया। अब 400 सीटें पार होंगी तो मथुरा और काशी के ज्ञानव्यापी में मंदिर बनाया जाएगा, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भी भारत में शामिल करा लिया जाएगा। घुसपैठियों को खदेड़ा जायेगा।

इसके लिए पुलिस,आम जनता कोई भी बांग्लादेशी घुसपैठियों को देखें तो उसका पैर तोड़ दें।हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि मुस्लिम तीन शादी नहीं करें। यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना बेहद जरूरी है। अबकी बार 400 सीटें पार होगी तो यह कानून भी लागू कर दिया जाएगा।इस मौके पर राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, जेबी तुबिद , प्रवक्ता शिवपुजन पाठक शामिल थे।

# संजय सेठ के समर्थन में चला अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वरिष्ठ समाजसेवी राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में राँची लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई ।

बैठक में मुख्यरूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू उपस्थित थे ।बैठक का संचालन शाहिल कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री शंकर दुबे के द्वारा किया गया ।बैठक में राँची लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए राँची के विभिन्न क्षेत्रो से सामाजिक संगठनों से प्रभारी नियुक्त किया गया जो इस प्रकार है ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## तेज आंधी में उड़े 6 बिजली खंभा से कई गांव के लोग 5 दिनों से बिन बिजली रहने को मजबूर



**ईचागढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बांदु पंचायत के उदल, कुरूकतोपा, बांदु, बाबू चामदा आदि पांच गांवों में 5 दिनों से बिजली गुल है। बिजली गुल रहने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। 5 दिन पूर्व आई आंधी तूफान से 6 बिजली खंभा गिर गया है, जिससे 5 गांवों में बिजली बाधित है । ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को सूचित करने के बाद भी बिजली विभाग मौन है। उदल के ग्रामीणों ने बताया कि 5 दिन बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग न हो खंभा गाड़ने का काम किया है ओर न ही गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है। बिजली विभाग के उदासीन रवैए से बच्चों का पढ़ाई बाधित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि न कोई नेता न विभाग इस ओर ध्यान दे रहे हैं। नेता लोग लोकसभा चुनाव में वोट बटोरने के लिए तरह तरह का हथकंडा अपना रहे हैं। कहा कि ग्रामीणों का असुविधाओं पर किसी को लेना देना नही है।

## बोड़ाम के माधवपुर में अनियंत्रित ट्रैक्टर घर में घुसा, लाखों का नुकसान, बाल-बाल बचे लोग



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत माधवपुर गांव में बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर एक घर में घुस गया। तेज धमाके के साथ एक पेड़ को धक्का मारते हुए घर में घुस जाने से घर के अंदर मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। इस घटना में एस्बेस्टस छत वाले मकान का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से लाखों का नुकसान हो गया। जबकि घटना के बाद मौका पाकर ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। माधवपुर निवासी आजसू नेता श्यामकृष्ण महतो ने बताया कि माधवपुर गांव से बोड़ाम की ओर जा रहा ट्रैक्टर बंगाल नंबर (ḍḍḍ55 3153) का है और क्षतिग्रस्त मकान बर्मन दास का है। उन्होंने कहा कि आम दिनों में डीलर के यहां राशन उठाव को लेकर कार्डधारियों की भीड़ रहती है। संयोगवश आज एक भी कार्डधारी उस वक्त नहीं थे। फिलहाल इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आरोपी चालक के खिलाफ काफी आक्रोश है और लोग संभावना व्यक्त कर रहे हैं कि चालक ने नशे की हालत में घटना को अंजाम दिया है। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना बोड़ाम पुलिस को दे दी गई है।

## कभी भी बड़ी समस्या बन सकती है सिरफिरों द्वारा कचरों पर आग लगाना



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला नगरपंचायत क्षेत्र में नियमित रूप से कचरा गाड़ी आकर कचरों को उठा कर ले जाती है। इसके बावजूद कुछ सिरफिरे सड़कों किनारे पड़े प्लास्टिक एवं कागज सहित अन्य कचरों को रात के समय आग लगा देते हैं। कचरों को आग लगाने की ये हरकत किसी भी दिन शहरी क्षेत्र में बड़ी समस्या बन सकती है। उल्लेखनीय है कि गर्मी के कारण नालियों के अगल बगल घास एवं जंगली झाड़ियां सुख गई हैं। कचरों से होते हुए यह आग कभी भी जंगली झाड़ियों तक पहुंच कर दवानल का रूप ले सकती है। अगल बगल के कई घर एवं खड़ी वाहनें भी आग की चपेट में आ सकती हैं।

## टाटा वर्कर्स यूनियन में 25 को 25 के साथ थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार 25 को 25 के साथ तथा परिवार का पर्व थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का संचालन टाटा वर्कर्स यूनियन के कर्मियों के बीच किया गया । कार्यक्रम में शामिल उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग ने सभी से अपील किया कि आगामी 25 मई को 25 लोगों के साथ वोट डालने बूथ पर जायें। उप विकास आयुक्त ने सभी को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार सभी को बराबर है, लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस मौके पर सभी ने मतदाता शपथ लेते हुए मतदान को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई ।



# टाटा स्टील ने नोआमुंडी और वेस्ट बोकारो में दो नए टाटा मेन हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

*- दो नए अस्पताल क्षेत्र में लगभग 200 बिस्तरों की क्षमता जोड़ेंगे*





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज झारखंड के नोआमुंडी और वेस्ट बोकारो में दो नए टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) का उद्घाटन किया। इन अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्देश्य क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं में क्रांति लाना है, जिससे लगभग 200 बिस्तरों की क्षमता बढ़ेगी।उद्घाटन टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टी.वी. नरेंद्रन ने किया। इस अवसर पर टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील के रॉ मैटेरियल्स के उपाध्यक्ष डी.बी. सुंदर रामम, टाटा स्टील के इंजीनियरिंग और प्रोजेक्ट्स के उपाध्यक्ष अक्षय खुल्लर और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और यूनियन सदस्य उपस्थित थे।टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टी. वी. नरेंद्रन ने कहा॰ नोवामुंडी और वेस्ट बोकारो में दो नए अत्याधुनिक टाटा मेन हॉस्पिटल के जुड़ने से हमारे कर्मचारियों, उनके परिवारों और समुदाय के लिए इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में और वृद्धि होगी। हम समुदायों को सशक्त बनाने और स्थायी सामाजिक और पर्यावरणीय पहलों के माध्यम से जीवन को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।गौरतलब हो कि टीएमएच जमशेदपुर, जो वर्तमान में 1000 बिस्तरों वाला अस्पताल है जो1907 में टाटा स्टील के जन्म के तुरंत बाद 1908 में स्थापित किया गया था। ब्रांड 'टाटा मेन हॉस्पिटल' ने अपनी स्थापना के बाद से ही टाटा स्टील के कर्मचारियों, उनके परिवारों और नागरिकों की सेवा के लिए खुद को समर्पित कर दिया है।

## रानी अम्मा का सालाना उर्स मुबारक 19-20 मई को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर स्थित हजरत चुनाशाह बाबा के दरगाह में हजरत जोहरा बीबी (र.अ.?) उर्फ रानी अम्मा का सालाना उर्स मुबारक 19 मई रविवार को अकीदत के साथ मनाया जायेगा। इसको लेकर दरगाह कमिटी, चुनाशाह बाबा के जनरल सेक्रेटरी हाजी एस एम कुतुबुद्दीन ने बताया कि 19 मई को रानी अम्मा का सालाना उर्स मुबारक सुबह 8.00 बजे कुरानख्वानी के साथ शुरू होगा। बाद नामज-ऐ-ईशा रात 9.30 बजे से नात ख्वानी और तकरीर का आयोजन होगा। उन्होंने बताया 20 मई रात 12.20 बजे से कव्वाली का आयोजन होगा जो अहले सुबह तक चलेगा। अहले सुबह 3.40 बजे चुनाशाह बाबा दरगाह के गद्दीनशीन ताज अहमद के देखरेख में चादर पोशी किया जाएगा।

## पटमदा : वैशाख संक्रांति पर चना शर्बत का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के बेलटांड़ स्थित श्री श्री सार्वजनिक बजरंग अखाड़ा में बांग्ला वैशाख संक्रांति के मौके पर मंगलवार को स्थानीय लोगों ने सैकड़ों लोगों के बीच चना व शर्बत का वितरण किया। मौके पर बजरंगबली मंदिर के संचालक शिशुपाल सिंह सरदार, दीपक दास, रंजन दास, राजू मंडल, महालय मंडल, सनातन दास, आशुतोष महतो आदि शामिल थे। मंदिर कमेटी के सक्रिय सदस्य रंजन दास ने बताया कि बैशाख महीने में राहगीरों समेत जरूरतमंद लोगों को पानी पिलाना पुण्य का काम माना जाता है इसलिए चैत्र संक्रांति से वैशाख संक्रांति तक लगातार एक माह लोगों को मिट्टी के घड़े में पानी रखकर पिलाकर राहत पहुंचाने का काम किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

## 101 वर्ष की बुजुर्ग महिला रेंटी हेंब्रम ने डाला अपना वोट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार पहले चरण में 14-19 मई तथा दूसरे चरण में 21-22 मई तक 85+ आयु वर्ग तथा कम से कम 40 फीसदी दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन को होम वोटिंग माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया जा रहा है। इस दौरान आज एसी 44 बहरागोड़ा के बहरागोड़ा प्रखंड के पूर्णापनी पंचायत की 101 वर्ष की रेंटी हेंब्रम ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया। इस दौरान जिला प्रशासन के वोटिंग टीम उनके घर पहुंचकर उनका मतदान कराया।

## दो संसदीय क्षेत्र के चुनाव संपन्न होते ही चौक चौराहों पर चुनावी हार जीत की चर्चा शुरू

*जयराम महतो की खतियानी पार्टी बनी भाजपा और इंडिया गठबंधन की समस्या*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** जिले से संबंधित सिंहभूम एवं खूंटी संसदीय चुनाव के संपन्न होते ही चौक चौराहों तथा चाय पान के दुकानों के समक्ष चुनावी गणितज्ञ अपने अपने प्रत्याशियों के हार जीत के चर्चे में लग गए हैं।इनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें संबंधित संसदीय क्षेत्र के कितने विधान सभा हैं इसका भी ज्ञान नहीं पर वे सरकार तक बनाने के दावे करने लगे हैं। बाजार क्षेत्र में होने वाले इस प्रकार के चर्चों को सुन कर कुछ ग्रामीण गांव के चौपालों में भी यही चर्चा शुरू कर दिए हैं।दूसरी ओर संबंधित पार्टी कार्यकर्ता भी अपने अपने क्षेत्र के प्रत्याशी के पक्ष में कितने प्रतिशत मत पड़े हैं इसका लेखा जोखा पार्टी कार्यालय में ताल ठोक कर जमा करने लगे हैं। इस चुनाव में चुनावी गणितज्ञों के समक्ष जयराम महतो की खतियानी पार्टी बड़ी समस्या बनी हुई है। चुनावी गणितज्ञ चर्चा के दौर में इस पार्टी की गतिविधि के आगे सुस्त पड़ जाते हैं। सबका यही कहना है कि इस बार कुर्मी वोटों का आकलन करना हर किसी के लिए असम्भव है। खैर मामला जो भी हो बाजार से गांव तक इन दिनों केवल चुनावी हार जीत को लेकर ही अधिसख्यक लोग चर्चा करने में लगे हुए हैं। यह चर्चा मतगणना के पूर्व तक जारी रहेगी।

## बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक दिव्येंदु हेंब्रम को समारोहपूर्वक दी गई विदाई

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को बैंक ऑफ इंडिया पटमदा में निवर्तमान शाखा प्रबंधक दिव्येंदु हेंब्रम को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। मौके पर नए शाखा प्रबंधक अनिल कुमार महतो ने कहा कि किसी भी तरह की शिकायत या समस्याओं के लिए ग्राहक उनसे सीधा संपर्क करें त्वरित समाधान का प्रयास किया जाएगा। पूर्व प्रबंधक दिव्येंदु हेंब्रम ने कहा कि कम समय के कार्यकाल में यहां के लोगों से काफी कुछ सीखने व जानने का अवसर मिला। मौके पर समाजसेवी डॉ. हिमांशु मंडल, ईशान चंद्र गोप, गोपाल कुमार, निमाई महतो, निरंजन रजक, सव्यसाची मंडल, राकेश कुमार दास के अलावा बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों में आलोक कुमार, अशोक कुमार, समीर महतो, पंचानन कालिंदी व अनुकूल मंडल आदि मौजूद थे।

## विवेक विद्यालय में विद्यार्थियों ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर के विवेक विद्यालय प्रांगण में विज्ञान संकाय के जीव विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा आज विद्यालय में चल रहे 4 दिवसीय समर कैंप के अंतर्गत एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ जिसके अंतर्गत रक्तचाप मधुमेह, हृदय गति एवं अन्य कई प्रकार के शारीरिक जांचों तथा विद्यार्थियों की लंबाई तथा वजन की जांच भी की गई ।इस स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों के अतिरिक्त शिक्षकों तथा अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्राचार्य अवधेश सिंह ने सफलता पूर्वक समर कैंप के आयोजन के लिए विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने 11वीं तथा 12वीं के छात्रों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाने पर उनको बधाई दी तथा प्रोत्साहित किया।

## करीम सिटी कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के जूलॉजी विभाग ने आज विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कॉलेज प्रांगण में किया जिसमें विभाग के अनेक छात्र-छात्राओं ने अपने तैयार किए हुए विज्ञान पर आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया तथा उसके विवरण प्रस्तुत किए। वहीं प्रथम पुरस्कार अशरफी नूर, द्वितीय पुरस्कार माफिया रशीद तथा तथा तृतीय पुरस्कार आफिया परवीन के दलों को दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अलका जैन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ एस एस रजी थे। मुख्य अतिथि के साथ उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने भी प्रदर्शनी में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को सराहा और उनका मनोबल बढ़ाया। डॉ पी सी बनर्जी, डॉ आफताब आलम खान, डॉ असगर खान तथा डॉ मोइज अशरफ सहित कॉलेज के कई प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी को देखा और विद्यार्थियों के प्रयत्न को सराहा। इस अवसर पर विशेष रूप से परीक्षा नियंत्रक डॉ बी एन त्रिपाठी तथा डॉ तुफैल अहमद मौजूद रहे। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ शशी प्रभा के निर्देशन तथा प्रो नुजहत जहां एवं सानिया तहरीम की देखरेख में संपन्न हुआ।

## दो कंपनी से 20 लाख से अधिक के सामान उड़ाए

*कांडा के नए थाना प्रभारी अंजनी कुमार को चोरों ने दी सलामी*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा थाना क्षेत्र में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांडा के नए थाना प्रभारी अंजनी कुमार के प्रभार लिए 24 घन्टे भी नहीं हुए कि चोरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए थाना क्षेत्र में बंद पड़ी दो कंपनियों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर उन्हें सलामी दे डाली। बीते मंगलवार की रात थाना क्षेत्र स्थित विमान इंडस्ट्री एवं पाटलिपुत्रा कंक्रीट कंपनी में घुसकर चोरों द्वारा करीब 20 लाख से अधिक के सामानों की चोरी कर ली। हालांकि वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है। बुधवार की सुबह चोरी की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।बताया जा रहा है कि उक्त दोनों कंपनी काफी दिनों से बंद पड़ा था। यहां कंक्रीट के समानों के अलावा प्लास्टिक का पाइप भी बनाया जाता था। कंपनी में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने आशंका जताई है कि बीती रात दो बार पॉवर कट हुआ था। उसी का फायदा उठाकर चोर कंपनी के पिछले हिस्से से बाउंड्री फांदकर कंपनी के भीतर घुसे और अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान चोर कंपनी में रखे करीब नौ बैट्री, बीस डाई, कम्प्यूटर, बटखरा समेत कई अन्य सामानों चोरी कर ली गई। चोरी सूचना पर पहुंचे कंपनी के सुपरवाइजर राज कृष्ण ने बताया कि एक ही कंपनी के अंदर दो तरह के उत्पाद तैयार किए जाते हैं। मजदूर नहीं मिलने के कारण विगत कुछ दिनों से कंपनी बंद था। इस बाबत सुपरवाइजर के बयान पर कांड्रा थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## मतदाता जागरूकता के दौरान सामाजिक सरोकार का दिखा व्यापक असर

*-चेशायर होम में दिव्यांगों के साथ पप्पू ने बांटी माधुरी दीक्षित के जन्मदिन की खुशियां*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित का 57 वा जन्मदिन उनके प्रशंसक पप्पू सरदार द्वारा मतदाता जागरूकता संदेश के साथ दो दिन मंगलवार और बुधवार को साकची हंडी लाईन स्थित मनोहर चाट दुकान में धूमधाम से मनाया गया। बुधवार सुबह करनडीह स्थित चेशायर होम में रहने वाले दिव्यांगों (विशेष लोगों) को भोजन कराकर और उपहार देकर उनके साथ माधुरी की जन्मदिन की खुशियां बांटी। बुधवार की संध्या में निःशुल्क चाट का वितरण किया गया। हजारों की संख्या में लोगों ने लाईन लगकर पाट का आनन्द लिया। साथ ही दिन भी दुकान में आने वाले सैकड़ों लोगों के बीच शीतल जल, जलजीरा, कोल्डडिंक्स और आइसक्रीम का वितरण भी निःशुल्क किया गया। दोनों दिन मतदान जागरूकता संदेश लिखे पोस्टरों के साथ सेल्फी लेने वालों की खासकर महिलाओं एवं युवतियों में होड़ लगी रही। क्योंकि मतदान जागरूकता से संबंधित कई प्रकार के संदेश लिखे बैनर व पोस्टर सहित आकर्षक मिट्टी से बनी कई मूर्ति से दुकान को पाट दिया गया हैं। जमशेदपुर में 25 मई शनिवार को लोकसभा का चुनाव होगा, तब तक मतदाता जागरूकता संदेश दुकान में लगे रहेंगें। लोगों का कहना है कि पप्पू सरदार जैसे लोगों को अगर सरकार आगे बढ़कर बड़ी जिम्मेदारियां दे तो वह बखूबी से निभा सकेंगे। चुनाव आयोग लोगों में मतदान और चुनाव के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए बड़े पैमाने पर खर्च करती है समाज की नामचीन हस्तियों को चुनाव आयोग द्वारा ब्रांड अंबेसडर भी बनाया जाता है लेकिन जमशेदपुर के रहने वाले पप्पू सरदार एक ऐसी हस्ती हैं ।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस आजः डबल्यूएचओ के अनुसार वैश्विक स्वास्थ्य के लिए दस खतरों में एक डेंगू भी



(डॉ कुमार दिवाकर- सीनियर कंसलटेंट एवं एचओडी, पेडियाट्रिक्स, टाटा मेन हॉस्पिटल।

डेंगू एक मच्छर जनित वायरल बुखार है। 2019 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यूएचओ) ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए दस खतरों की पहचान की, और डेंगू उनमें से एक है। वहीं हाल के वर्षों में डेंगू के मामले बढ़ रहें हैं और लद्दाख को छोड़कर, भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। डेंगू संक्रामक एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है और यह रोग के लक्षण संक्रमित मच्छर द्वारा काटे जाने के 5-6 दिन के बाद प्रकट होते हैं।

**डेंगू बुखार के लक्षण-:**

- अचानक तेज बुखार आना
- सिरदर्द
- आंखों के पीछे दर्द, जो आंखों के हिलने-डुलने से बढ़ जाता है
- मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द
- छाती और ऊपरी अंगों पर दाने उभरना
- जी मिचलाना और उल्टी

**डेंगू के गंभीर लक्षण-:**

- बार-बार उल्टी आना, खून के साथ या बिना खून के
- नाक, मुंह, मसूड़ों से खून आना और त्वचा पर चकत्ते पड़ना
- नींद और बेचैनी
- प्यास और मुंह सूखना
- सांस लेने में कठिनाई

**डेंगू बुखार के वाहक-:** एडीज़ मच्छर को अपने शरीर में वायरस को विकसित करने में 7-8 दिन लगते हैं और फिर वे बीमारी फैलाने के लिए किसी और को काटते हैं। वे घरेलू और अर्ध-घरेलू परिवेश में, घरों के छायादार कोनों में, फर्नीचर के नीचे, या कपड़े या छतरियों जैसी लटकी हुई वस्तुओं पर पनपते हैं। कोई भी मानव निर्मित कंटेनर, यहां तक कि थोड़ी मात्रा में पानी भी, एडीज मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल हो सकता है।

**निवारण-:** मच्छरों के काटने से बचना डेंगू बीमारी से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है। हमारे देश में डेंगू के टीकों का लाइसेंस नहीं है। ऐसे कपड़े पहनें जो आपके शरीर के ज्यादा से ज्यादा हिस्से को ढकें, मच्छरों को दूर रखने के लिए मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का उपयोग करें, और अपने घर से मच्छरों के प्रजनन के स्रोतों को दूर करने के लिए हर चीज को साफ-सुथरा रखें, सभी पानी के कंटेनरों को ढकें और बर्तनों और फूलदान में सप्ताह में एक बार पानी बदलते रहें।सामुदायिक भागीदारी॰ डेंगू के प्रकोप को रोकने के लिए एडीज़ के प्रजनन स्थलों का पता लगाने और उनके उन्मूलन के लिए समुदाय को संवेदनशील बनाना और इसमें शामिल करना बहुत महत्वपूर्ण है।डेंगू के मामलों का प्रबंधन॰ जिन व्यक्तियों में डेंगू बुखार के लक्षण होने का संदेह है, उन्हें डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। कई अन्य वायरल बीमारियों की तरह, डेंगू बुखार आमतौर पर अपने आप ठीक हो जाता है, 1त्न से भी कम मामलों में मृत्यु होती है। अधिकांश रोगियों में हल्के लक्षण होते हैं जिनका इलाज घर पर ही सहायक देखभाल के साथ किया जा सकता है और प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर द्वारा बारीकी से इसकी निगरानी की जा सकती है। बुखार के मामले में, पर्याप्त मात्रा में पीने योग्य तरल पदार्थ (ओआरएस, नारियल पानी, लस्सी, या छाछ) लेना, आराम करना और पेरासिटामोल लेने की सलाह दी जाती है। डॉक्टर को रोग की हल्के से मध्यम और गंभीर स्थिति तक की प्रगति पर बारीकी से निगरानी करनी चाहिए, और जिन रोगियों को मध्यम से गंभीर लक्षणों का अनुभव होता है उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जाना चाहिए।गंभीर डेंगू विकसित होने के लिए उच्च जोखिम वाले समूह॰ बुजुर्ग (क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और आमतौर पर अन्य सहवर्ती बीमारियाँ होती हैं), मोटापे या अन्य पुरानी बीमारियों (जैसे मधुमेह, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, थैलेसीमिया, आदि) से पीड़ित लोग और शिशु।

**क्या करें और क्या न करे-:**

- सप्ताह में कम से कम एक बार कूलर और अन्य छोटे कंटेनरों से पानी निकालें।
- मच्छरों के काटने से बचने के लिए पूरे दिन मच्छर रोधी एरोसोल फॉगिंग का प्रयोग करें।
- ऐसे कपड़े न पहने जिनमें आपके हाथ या पैर खुले हों।
- बच्चों को शॉर्ट्स और टी-शर्ट पहनकर न खेलने दें।
- दिन के समय मच्छरदानी या रेपेलेंट लगाकर सोएं।

### डीईओ व एसएसपी ने ईवीएम व वीवीपैट कमीशनिंग का निरीक्षण किया

**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने को-ऑपरेटिव कॉलेज में चल रहे तीन विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम व वीवीपैट मशीन की कमिशनिंग कार्य का जायजा लिया। विदित हो कि जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाले ईवीएम व वीवीपैट मशीन के कमिशनिंग का कार्य को-ऑपरेटिव कॉलेज वहीं अन्य तीन विधानसभा क्षेत्रों का कमिशनिंग एलबीएसएम कॉलेज में किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सावधानी, सजगता व कुशलतापूर्वक अच्छी तरह मशीनों की जांच कर लें।

संपादकीय

# ध्वस्त हों 'नोटों के पहाड़'

**झारखंड** में कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के नौकर के घर से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई है। प्रवर्तन निदेशालय ने जब आलमगीर के नौकर के घर छापा डाला तो वहाँ से 'नोटों का पहाड़' सामने आया। स्पष्ट है कि यह ईमानदारी और परिश्रम से कमाया हुआ धन नहीं है। निश्चित ही यह गरीबों एवं कमजोरों से भ्रष्टाचार के रूप में वसूला गया धन होगा। विडम्बना देखिए कि एक ओर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कह रहा है कि सरकार ने पार्टी के खातों को सीज कर दिया है इसलिए उनके पास चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस के नेताओं और उनके करीबियों के घर से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। याद रखें कि यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस के किसी नेता या नेता के करीबी के घर से बेहिसाब रुपया मिला हो। झारखंड से ही कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के यहाँ से 350 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी हुई थी, खनन सचिव के यहाँ से 20 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री के करीबी पंकज मिश्रा के यहाँ 10 करोड़ की नकदी पकड़ी जा चुकी है। आलम यह है कि भ्रष्टाचार की यह कलंक कथा रुक ही नहीं रही है। यह भी याद रहे कि कांग्रेस की यूपीए सरकार को जनता ने सत्ता से इसलिए ही बेदखल किया था कि उस पर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लग गए थे। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को बताना चाहिए कि उनके नेताओं एवं उनके करीबियों के घर से भ्रष्टाचार की यह रकम क्यों बरामद हो रही है? कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल प्रवर्तन निदेशालय एवं अन्य जाँच एजेंसियों की कार्रवाई पर लगातार प्रश्न उठाते हैं लेकिन वे 'नोटों के पहाड़' पकड़े जाने पर चुप हो जाते हैं। क्या कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल चाहते हैं कि भ्रष्ट नेताओं को देश का धन लूटने की खुली छूट दे दी जाए। कांग्रेस को चाहिए कि वह ऐसे भ्रष्ट नेताओं को पार्टी से दूर रखे या फिर जाँच एजेंसियों पर टीका-टिप्पणी करना बंद करें। ईमानदारी और नैतिकता का तकाजा तो यही कहता है कि भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने के बाद कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को जाँच एजेंसियों के बारे में किसी प्रकार की टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस को घेरते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही टिप्पणी की है- "आपके पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे है। इनकी चोरी पकड़ी जा रही है तो मोदी को गाली देने लगते हैं। क्या इनको चोरी की खुली छूट दे दें?" भ्रष्टाचार को लेकर सरकारों एवं राजनेताओं की मानसिकता के अंतर को रेखांकित करने का कार्य भी प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एवं कांग्रेस के राजनेता राजीव गांधी के प्रसिद्ध बयान "मैं दिल्ली से 1 रुपया भेजता हूं तो गरीब तक 15 पैसा पहुंचता है" का उल्लेख करके भ्रष्टाचार पर भाजपा और अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर अपने कार्यकाल में कठोर निर्णय लिए हैं और बड़ी कार्रवाईयां की हैं। केंद्र से गरीब लोगों को भेजे जानेवाली आर्थिक सहायता की व्यवस्था को भी पारदर्शी बनाया है, जिसके कारण केंद्र 100 रुपये भेजता है तो लाभार्थी के खाते में भी 100 रुपये ही पहुँचता है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि 'नोटों के पहाड़' ध्वस्त हों। केंद्रीय जाँच एजेंसियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट मिलनी चाहिए। साथ में यह प्रयास भी हों कि जल्द से जल्द भ्रष्टाचार के दोषी जेल की सलाखों के पीछे पहुँचें।

प्रवर्तन निदेशालय ने जब आलमगीर के नौकर के घर छापा डाला तो वहाँ से 'नोटों का पहाड़' सामने आया। स्पष्ट है कि यह ईमानदारी और परिश्रम से कमाया हुआ धन नहीं है। निश्चित ही यह गरीबों एवं कमजोरों से भ्रष्टाचार के रूप में वसूला गया धन होगा। विडम्बना देखिए कि एक ओर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कह रहा है कि सरकार ने पार्टी के खातों को सीज कर दिया है इसलिए उनके पास चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस के नेताओं और उनके करीबियों के घर से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। याद रखें कि यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस के किसी नेता या नेता के करीबी के घर से बेहिसाब रुपया मिला हो। झारखंड से ही कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के यहाँ से 350 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी हुई थी, खनन सचिव के यहाँ से 20 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री के करीबी पंकज मिश्रा के यहाँ 10 करोड़ की नकदी पकड़ी जा चुकी है। आलम यह है कि भ्रष्टाचार की यह कलंक कथा रुक ही नहीं रही है। यह भी याद रहे कि कांग्रेस की यूपीए सरकार को जनता ने सत्ता से इसलिए ही बेदखल किया था कि उस पर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लग गए थे। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को बताना चाहिए कि उनके नेताओं एवं उनके करीबियों के घर से भ्रष्टाचार की यह रकम क्यों बरामद हो रही है? कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल प्रवर्तन निदेशालय एवं अन्य जाँच एजेंसियों की कार्रवाई पर लगातार प्रश्न उठाते हैं लेकिन वे 'नोटों के पहाड़' पकड़े जाने पर चुप हो जाते हैं।

### सड़कों पर तैरती नजर आईं, वहीं दुनिया का सबसे व्यस्त दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एक बड़े तलाब में बदल गया

# अंटार्कटिका में घट रही है बर्फ

**प्रमोद भार्गव**

नए षोध बताते हैं कि अंटार्कटिका से हिमखंड तो टूट ही रहे हैं, वायुमंडल का तापमान बढ़ने के कारण बर्फ भी तेजी से पिघल रही है। जलवायु बदलाव का बड़ा संकेत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भी देखने में आया है। बीते 75 सालों में यहां सबसे अधिक बारिष रिकॉर्ड की गई है। 24 घंटे में 10 इंच से ज्यादा हुई इस बारिष ने रेगिस्तान के बड़े भू-भाग को दरिया में बदल दिया है। मौसम विभाग द्वारा मिले संकेतों के चलते यूएई का प्रषासन सर्तक था। इस कारण जन एवं पषुहानि तो नहीं हुई, लेकिन तबाही का मंजर आधुनिक कहे जाने वाले षहरों में देखने में आया।

**जलवायु** परिवर्तन के संकेत अब अंधी आंखों से भी दिखने लगे है। नए षोध बताते हैं कि अंटार्कटिका से हिमखंड तो टूट ही रहे हैं, वायुमंडल का तापमान बढ़ने के कारण बर्फ भी तेजी से पिघल रही है। जलवायु बदलाव का बड़ा संकेत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भी देखने में आया है। बीते 75 सालों में यहां सबसे अधिक बारिष रिकॉर्ड की गई है। 24 घंटे में 10 इंच से ज्यादा हुई इस बारिष ने रेगिस्तान के बड़े भू-भाग को दरिया में बदल दिया है। मौसम विभाग द्वारा मिले संकेतों के चलते यूएई का प्रषासन सर्तक था। इस कारण जन एवं पषुहानि तो नहीं हुई, लेकिन तबाही का मंजर आधुनिक कहे जाने वाले षहरों में देखने में आया। सड़कों पर तैरती नजर आईं, वहीं दुनिया का सबसे व्यस्त दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एक बड़े तलाब में बदल गया। भारत समेत अनेक देषों ने अपनी हवाई यात्राओं पर विराम लगा दिया और यात्रियों को चेताया कि फिलहाल दुबई बहरीन, कतर और सऊदी अरब जैसे देषों में न जाएं। इधर 1986 में अंटार्कटिका से टूटकर अलग हुआ जो हिमखंड स्थिर बना हुआ था। वह अब 37 साल बाद समुद्री सतह पर बहने लगा है। उपग्रह से लिए चित्रों से पता चला है कि करीब एक लाख करोड़ टन वजनी यह हिमखंड अब तेज हवाओं और जल धाराओं के चलते अंटार्कटिका के प्रायद्वीप के उत्तरी सिरे की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह हिमखंड करीब 4000 वर्ग किमी में फैला हुआ है, आकार में यह मुंबई के क्षेत्रफल 603 वर्ग किमी के करीब छह गुना बड़ा है। इसकी ऊंचाई 400 मीटर है। इसे ए-23/ए नाम दिया गया है। यह जिस महानगर की सीमा से टकराएगा, वहां प्रलय का तांडव रचा हो जाएगा। उत्तरी धुरव अर्थात आर्कटिक पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव में आते-जाने के षोध अध्ययन लगातार आ रहे हैं। ये अध्ययन विषाल आकार के हिमखंडों के पिघलने, टूटने, दरारें पड़ने पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के खिसकने, धुरवीय भालुओं के मानव आबादियों में धुसने और सील मछलियों में कमी, ऐसे प्राकृतिक संकेत हैं, जो पृथ्वी के बढ़ते तापमान का आर्कटिक पर प्रभाव प्रगट करने वाले हैं। पर्यावरण विज्ञानी इस बदलाव को समुद्री जीवों, जहाजो, पेंगुइन और छोटे द्वीपों एवं महानगरों पर स्थित बड़ी आबादियों के लिए एक बड़े खतरे के रूप में देख रहे है। बीते 40 सालों में बीते एक दषक के भीतर ऐसी खबरें ज्यादा आई हैं। विषेश तौर से उत्तरी धुरव की स्थिति की जानकारी देने के लिए सजग प्रहरी के रूप में अनेक



उपग्रहों की तैनाती दुनिया के देषों ने की हुई है। अमेरिका के 'नेषनल स्नो एंड साइंस डाटा सेंटर' के अध्ययन को सत्य मानें तो वर्श 2014 में ही उत्तरी धुरव के 32.90 लाख वर्गकिमी क्षेत्र में बर्फ की परत पिघली है। यह क्षेत्रफल लगभग भारत-भूमि के बराबर है। इस संस्थान के अनुसार 1979 में उत्तरी धुरव पर बर्फ जितनी कठोर थी, अब नहीं रह गई है। इसके ठोस हिमतल में 40 प्रतिषत की कमी आई है। हिमतल में एक साल में इतनी बड़ी मात्रा में आई तरलता, इस बात की द्योतक है कि भविश्य में इसके पिघलने की गति और तेज हो सकती है। क्षेत्रफल के हिसाब से आंकलन करें तो अंटार्कटिका पांचवां सबसे बड़ा महाद्वीप है। यह दक्षिणी गोलार्थ में करीब 20 प्रतिषत हिस्से को अपनी बर्फीली चादर से ढके हुए है। इसमें दक्षिणी धुरव भी समाहित है। लगभग नाषपाती के आकार की पृथ्वी के दो धुरव माने जाते हैं। इन्हें उत्तरी और दक्षिणी धुरवों के नामों से जाना जाता है। भूमध्य या विशुवत्‌रेखा इन दोनों धुरवों से लगभग समान दूरी बनाए रखते हुए बीच से गुजरती है। इसीलिए इसे भूमध्य रेखा भी कहा जाता है। हालांकि इसे पृथ्वी की नाप के लिए काल्पनिक रेखा इसलिए माना गया है, क्योंकि यह उत्कीर्ण नहीं है। लेकिन पृथ्वी के केंद्र से गुजरने वाली इस रेखा की विषेशता यह है कि भूमध्य रेखा एक उभरे हुए भाग में दिखाई देती है। इस रेखा पर अर्धव्यास 6378.14 मीटर धुरवों के अर्धव्यास 6356.79 किमी से करीब 21 किमी अधिक है। यह अतिरिक्त अर्धव्यास ही पृथ्वी के समीप की कुछ कक्षाओं में अंतर उत्पन्न करता है। जैसे ही पूर्व की ओर जाने वाला उपग्रह दक्षिणी गोलार्द्ध से उत्तरी गोलार्द्ध की ओर जाता है, उसका कक्षीय तल विशुवत्‌ रेखा पर गुरुत्वाकर्शण के प्रभाव के कारण पष्चिमोन्मुखी हो जाता है। यदि उपग्रह उसी दिषा में पूर्व की ओर जाता है तो कक्षीय तल पूर्वोन्मुखी हो जाता है। इस रेखा पर पूरे वर्श दिन-रात बराबर होते हैं, इसलिए इसे विशुवत्‌रेखा कहा गया है। उत्तरी धुरव का कुल क्षेत्रफल 2.1 करोड वर्ग किमी है। इसमें से 1.30 करोड़ वर्गकिमी क्षेत्र की सतह बर्फ की मोटी परत से ढकी हुई है। बर्फ से आच्छादित होने के कारण यहां का औसत तापमान ऋणात्मक 10 डिग्री सेल्सियस है। जाड़ों में यह 68 डिग्री तक ऋणात्मक हो जाता है। बर्फ से ढके इसी क्षेत्र को आर्कटिक महासागर कहा जाता है। यह पांच महासागरों में से एक है। लेकिन सबसे छोटा समुद्र है। सामान्यतः आर्कटिक का उल्लेख उस भाग के परिप्रेक्ष्य में होता है, जो आर्कटिक उत्तरी गोलार्द्ध (उत्तर में 66.30 अधिकांष) उत्तरी धुरव को घेरे हुए है। आर्कटिक का भू-क्षेत्र रूस के साइबेरिया के किनारों, आइसलैंड, ग्रीनलैंड, उत्तरी डेनमार्क, नार्वे, फिनलैंड, स्वीडन, अमेरिका, अलास्का, कनाडा का अधिकांष उत्तरी महाद्वीपीय भाग और आर्कटिक टापुओं के समूदाय तथा अन्य अनेक द्वीपों तक फैला है। औद्योगिक विकास के लिए खनिज संपदा की लूट हेतु यहां व्यापारिक गतिविधियां तेज हुई हैं। तेल, प्राकृतिक गैस और कोयला के इस क्षेत्र में अकूत भंडार हैं। इस कारण यहां पारिस्थितिकि तंत्र गड़बड़ाने लगा है। नतीजतन यहां पाए जाने वाले जलीय व थलीय जीव धुरवीय भालू, सील, बैल्गाव्हेल, नरव्हेल, नीली व्हेल और वेलर्स के लिए अस्तित्व बचाए रखने का संकट पैदा हो गया है। उत्तरी धुरव हमारे ग्रह पृथ्वी का सबसे सुंदर उत्तरी बिंदु है। मान्यता है कि यहीं पर पृथ्वी की धुरी घूमती है। यह स्थल आर्कटिक महासागर में स्थित है। यहां अत्याधिक ठंड पड़ती है, क्योंकि छह माह तक सूर्य लुप्त रहता है। यहां हमेषा सफेद बर्फीली चादर बिछी रहती है। इस भौगोलिक उत्तरी धुरव के निकट ही, चुंबकीय उत्तरी धुरव है। इसी चुंबकीय षक्ति से आकर्शित होकर कंपास की सुई दिषा-संकेत देती है। उत्तरी तारा या 'ध्रुव-तारा' उत्तरी धुरव के आकाष पर निरंतर चमकता दिखाई देता है। षताब्दियों से नाविक इसी तारे को देखकर यह अनुमान लगाते हैं कि वे उत्तर से कितनी दूर हैं। यह क्षेत्र आर्कटिक परिधि भी कहलाता है। क्योंकि यहां अर्धरात्रि के सूर्य (मिडनाइट सन) और धुरवीय रात (पोलर नाइट) का अद्वितीय दृष्य देखने को मिलता है। दुनिया की 90 प्रतिषत बर्फ इसी अंटार्कटिका में जीम हुई है। इसलिए इसे पृथ्वी का षीतालय (फ्रिज) भी कहा जाता है। यहां कि बर्फीली परतों में धरती को मिलने वाला सबसे ज्यादा मात्रा में पानी संग्रहित है।

दृष्टि कोण

# टेक्नोलॉजी से सरकार को बदनाम करने की ओछी हरकत

**पिछले** कुछ दशकों में दुनिया में तकनीकी विकास तेजी से हुआ है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग ने जीवन को सरल और तेज बना दिया है, लेकिन यह लाभ के साथ साइबर सुरक्षा से जुड़े कुछ गंभीर जोखिम भी सामने ला रहा है। टेक्नोलॉजी से सरकार को बदनाम करने की ओछी हरकत आजकल देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोदी सरकार से मुकाबला करने के लिए अब जुबानी लड़ाई के साथ-साथ तकनीकी लड़ाई भी शुरू हो गया है। कुछ समय पहले तक विपक्ष दल सत्ता पक्ष के खिलाफ केवल मौखिक आरोप ही लगाते थे, लेकिन अब कुछ दल और उनके नेता तकनीकी का सहारा लेकर बीजेपी के शीर्ष नेताओं को बदनाम करने की साजिश रचने में जुट गये हैं। इसकी सबसे ताजी मिसाल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ डीपपेक वीडियो का मामला है। वीडियो कथित तौर पर शेयर करने के लिए मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। 'डीपपेक' वह प्रौद्योगिकी है जिससे एक वीडियो में छेड़छाड़ कर किसी ऐसे व्यक्ति के चेहरे को उसमें फिट किया जाता है जो उस वीडियो का हिस्सा ही नहीं होता। इस तकनीक के माध्यम से छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो में असली और नकली का अंतर बता पाना मुश्किल होता है। इस फजा वीडियो में बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण अधिकारों को खत्म करने की घोषणा करते हुए कथित तौर पर नजर आ रहे हैं। अमित शाह के जिस भाषण से छेड़छाड़ की गई है, वह 25 अप्रैल का है। उस दिन वह तेलंगाना के मेडक जिले के सिद्दीपेट में बीजेपी की चुनावी रैली में भाषण दिये थे। इस भाषण के वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है। इसके बाद गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई कर रही है। दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत राज्य कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं को भी पूछताछ के लिए तलब किया है। मामले में बीजेपी की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने भी बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया है कि अमित शाह का डीपपेक वीडियो बनाकर उसे पोस्ट किया गया और इंटरनेट पर शेयर किया गया। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विगत 30 अप्रैल को आरोप लगाया कि कांग्रेस यह झूठ फैला रही है कि अपने तीसरे कार्यकाल में बीजेपी का इरादा संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का है। अमित शाह ने दावा किया कि जनता के आशीर्वाद और समर्थन से बीजेपी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। अमित शाह ने कहा कि 'कांग्रेस पाटा के नेता इतने हताश हैं कि उन्होंने मेरे भाषण का फजा वीडियो बनाया।' बहरहाल, पिछले कुछ दशकों में दुनिया में तकनीकी विकास तेजी से हुआ है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग ने जीवन को सरल और तेज बना दिया है, लेकिन यह लाभ के साथ साइबर सुरक्षा से जुड़े कुछ गंभीर जोखिम भी सामने ला रहा है। साइबरस्पेस की सीमाहीन प्रवृति के साथ इससे जुड़े खतरे और साइबर अपराधियों के छलपूर्ण तरीके एवं उपकरण के कारण साइबर हमलों की प्रवृत्ति लगातार बदल रही है। इसके अलावा, आतंकवाद और कट्टरवाद को भी साइबर स्पेस में पनाह मिल रही है। डीपपेक वीडियो का शिकार हुए गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं 'हमें 'संवेदनशीलता के साथ प्रौद्योगिकी का उपयोग' और 'सार्वजनिक सुरक्षा को सुनिाति करने' के दोहरे उद्देश्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने का अवसर मिला है। हालांकि, यह कार्य अकेले सरकारों द्वारा नहीं किया जा सकता है। मैं नागरिकों से ऑनलाइन सुरक्षा को सुनिाति करने के लिए जागरूक और सतर्क रहने की अपील करता हूं। साइबर सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और हमें यह सुनिाति करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए कि हमारी डिजिटल दुनिया सभी के लिए सुरक्षित बनें।' मोदी सरकार देश की जनता के जीवन को आसान बनाने के लिए डिजिटल तकनीक को तेजी से बढ़ावा दे रही है। फिलहाल देश में 65 करोड़ इंटरनेट यूजर हैं, 114 करोड़ मोबाइल यूजर हैं, 6 लाख से अधिक गांवों तक ब्रॉडबैंड इंप्रास्ट्रक्चर पहुंच चुका है और 9,000 करोड़ रुपये से अधिक के डिजिटल लेनदेन हो रहा है। इसके साथ मोदी सरकार ने इस सुविधा को सफलतापूर्वक जन-जन तक पहुंचा दिया है। डिजिटल पब्लिक इन्प्रास्ट्रक्चर के विस्तार के पीछे मूलभूत विचार यह था कि अगर गरीब की पहुंच प्रौद्योगिकी या तकनीकी तक नहीं है, तो प्रौद्योगिकी या तकनीकी को उन तक पहुंचना चाहिए।

कुछ अलग

# ग्लोबल वार्मिंग, संभलने की वार्निंग

**मनुष्य** का जल-जंगल-जमीन से रिश्ता आदिकाल से है। बिना इनके जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आज सबसे बड़ा संकट ग्लोबल वार्मिंग का है। इससे सारी दुनिया चिंतित है। ग्लोबल वार्मिंग ने कई तरह की दुश्वारियां पैदा की हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ने (ग्लोबल वार्मिंग) और उसकी वजह से होने वाला जलवायु परिवर्तन आज प्रकृति की तबाही की सबसे महत्वपूर्ण कारक है। पृथ्वी के औसत तापमान में बढ़ोतरी या ग्लोबल वार्मिंग मुख्यतः कार्बन उत्सर्जन की तेजी से बढ़ती दर और कम होते जंगलों का परिणाम है। उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में इस साल चली भयंकर लू का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग ही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग नहीं रुकी तो शताब्दी के आखिर तक पृथ्वी का औसत तापमान औद्योगिक क्रांति के पहले के स्तर से 2 डिग्री बढ़ जाएगा और इससे लू की तीव्रता और नियमितता 30 गुना बढ़ जाएगी। दैनिक अनुभव से भी हम यह जानते हैं कि सिर्फ तपती गर्मी या लू से उतनी तकलीफ नहीं होती जितनी तकलीफ गर्मी और उमस के एकसाथ होने से होती है। ग्लोबल वार्मिंग से हवा का तापमान बढ़ता है और गर्म हवा ठंडी हवा के मुकाबले ज्यादा वायुमंडल की नमी वहन करती है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण जहां प्रति वर्ष लू की स्थिति अधिक दिनों तक और ज्यादा तीव्रता के साथ लोगों को अपनी जद में ले रही है। दूसरी ओर हर साल शीत लहर का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। 1980 से 2018 के बीच शीत लहर के कारण हुई मौतें लू से हुई मौतों से ज्यादा थीं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2020 में शीतलहर से 152 लोगों की मौत हुई। जनवरी 2021 में उत्तर भारत के हर राज्य में औसत मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री कम था। वैज्ञानिकों के अनुसार शीत लहर की बढ़ती अवधि और तीव्रता का मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग और विशेष तौर पर आर्कटिक इलाके का ऊष्मीकरण है। अबतक यह एक स्थापित तथ्य माना जाता था कि आर्कटिक वृत्त पृथ्वी के बाकी हिस्सों के मुकाबले दोगुनी तेजी से गर्म होता है। लेकिन पिछले साल नासा से जुड़े कुछ वैज्ञानिकों के नए शोध के अनुसार आर्कटिक वृत्त असल में दोगुनी नहीं बल्कि चौगुनी तेजी से गर्म हो रहा है। लांसेट स्वास्थ्य जर्नल में 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार भारत में असामान्य तापमान के कारण हर साल सात लाख से अधिक लोगों की मौत होती है। इनमें से 6.5 लाख लोगों की मौत असामान्य ठंडे तापमान और औसतन 80 हजार लोगों की मौत असामान्य गर्म तापमान के कारण होती है। असामान्य तापमान के कारण मरने वाले लोग आमतौर पर समाज के निचले तबके से आते हैं। लू और शीतलहर के अलावा ग्लोबल वार्मिंग के कारण एक और भयानक प्रक्रिया घटित हो रही है। यह प्रक्रिया है हिमनदियों और ध्रुवीय हिमच्छदों (पोलर आइस कैप्स) का तेजी से पिघलना और औसत समुद्र तल (मीन सी लेवल) का लगातार बढ़ना। अगले कुछ दशकों में शंघाई, हॉन्ग कॉन्ग, ओसाका, रिओ, एम्स्टर्डम, अलेक्सान्द्रिया जैसे दुनियाभर के कई तटवर्ती शहरों के बड़े हिस्सों के जलमग्न हो जाने की आशंका है। मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टनम, कोच्चि, तिरुवनन्तपुरम आदि शहरों के कुछ इलाके 2050 तक जलमग्न हो सकते हैं। समुद्र स्तर के बढ़ने से आने वाली बाढ़ के कारण समंदर का खारा पानी जमीन के अंदर रिसकर चला जाएगा। इससे भूमिगत जल भी खारा बन जाएगा। इससे स्वच्छ पानी की उपलब्धता भयंकर विकराल रूप ले लेगी, क्योंकि आज ही मीठे पानी की समस्या गम्भीर समस्या बन चुकी है। तब क्या होगा इसकी कल्पना से कलेजा फटने को हो जाता है।

देश दुनीया से

# विवाह भारतीय समाज की मजबूती का आधार

यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है।

**आधुनिक** सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है। लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुतः आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खण्डों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है। लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। 'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निर्माता और मुखिया रहे हैं। लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतर्संवाद व अंतर्संगीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है। जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, "हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।" अग्नि देवता के चारों ओर सात चक्कर लगाने की परम्परा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से सम्बद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।" पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं, "यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।" देवों से स्तुति है कि, "इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।" फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, "आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।" प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परम्परा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं।



आप का नजरीया

# हेल्थ सिस्टम में नर्सिंग पेशे का योगदान अतुलनीय

**बिना** नर्स के समूचा चिकित्सा तंत्र अधूरा है क्योंकि वह अस्पतालों की रीढ़ होती हैं। वे अपने कर्तव्य, समर्पण और प्रतिबद्धता से चिकित्सीय पेशे का संचालन करती हैं। सालाना 6 मई को 'राष्ट्रीय नर्स दिवस' मनाया जाता है। पिछले वर्ष यानी 2023 को इस दिवस की थीम थी 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य'। राष्ट्रीय नर्स दिवस की स्थापना किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं की गई थी, बल्कि 1982 में संयुक्त राज्य कांग्रेस द्वारा की गई। ये दिवस नर्सिंग की संस्थापिका फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रीय नर्स दिवस ऐसा दिन है, जो नर्सों के योगदान और उनकी कड़ी मेहनत का सम्मान और जश्न मनाने के लिए होता है। वैसे इस दिवस को पूरे एक सप्ताह के लिए मनाया जाता है। यानी 6 से 12 मई तक। गौरतलब है कि ये पेशा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, बीमारियों को रोकने और विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय स्थितियों वाले रोगियों की देखभाल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नर्सें देश के विभिन्न अस्पतालों, क्लीनिकों, नर्सिंग होम व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में काम करती हैं। दवाइयां देने, मरीजों के महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करने, मरीजों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने और मरीजों की देखभाल के बारे में अन्य स्वास्थ्य देखभाल और संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बड़ा अस्पताल हो, या फिर कोई प्रसिद्ध चिकित्सक, बिना नर्सिंग स्टॉफ के कोई भी मरीजों का इलाज नहीं कर सकता। सामान्य दिनों के मुकाबले कोविड काल में पूरे संसार ने नर्सों के योगदान को करीब से देखा था। वो ऐसा वक्त जब संक्रमितों के नजदीक जाने मात्र से लोग कतराते थे। तब, नर्सें ही मरीजों की देखरेख में लगी थीं। नर्सिंग क्षेत्र के योगदान को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र और उनके समकक्ष स्वास्थ्य संगठनों ने हेल्थ कर्मियों पर अधिक निवेश करने की वकालत की है। वैश्विक स्वास्थ्य कर्मचारियों की कुल में एक तिहाई आबादी नर्सों की होती है। इसलिए तकरीबन पूरा का पूरा हेल्थ सिस्टम उन्हीं के कंधों पर टिका है। भारत में नर्सों की संख्या करीब 28 लाख के करीब है जिसमें प्रति वर्ष इजाफा हो रहा है। आज पूरे भारत में लाखों की संख्या में नर्सिंग कॉलेज-स्कूल संचालित हैं। क्योंकि नर्सों की डिमाडं दिनोंदिन बढ़ जो रही है। नर्सों के काम की जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। आज उनके साहस और निष्ठा प्रयाण कर्तव्य की प्रशंसा करने का दिन है। भारत में नर्सों के साहस की सराहना न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर चुके हैं, बल्कि हाल ही में डब्ल्यूएचओ ने भी इसे सराहा है। इंजेक्शन लगाने से लेकर, मरहम-पट्टी आदि की जिम्मेदारी सिस्टरों के सिर होती है। हालांकि नर्सिंग क्षेत्र में पुरुष स्टाफ भी हैं, लेकिन महिलाओं के मुकाबले काफी कम हैं। कमी के दो मूल कारण हैं। अव्वल, महिला नर्स में मरीजों को ममता की करुणा दिखती हैं। दूसरा, वह अपनी ड्यूटी को जिम्मेदारी से निभाती हैं। यही कारण है नर्सों को अच्छे से प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वह मरीजों को मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और चिकित्सकीय तौर पर मदद कर सकें।

# हंटरगंज में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में तेजस्वी ने मांगा वोट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** ज़िला के प्रखण्ड हंटरगंज के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में इंडिया गठबंधन के द्वारा एक बड़े चुनावी सभा का आयोजन किया गया।इस चुनावी सभा को बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने पुराने अंदाज में संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और देश के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुद्दे पर बात नहीं करते हैं।बल्कि हिन्दू मुस्लिम हिंदुस्तान पाकिस्तान दंगा फसाद और समाज में नफरत फ़ैलाने वाला बात करते हैं।उन्हें देश की जनता दस सालों तक देश चलाने का अवसर दिया इस पर उन्हें बात करनी चाहिए की देश में कितने बेरोजगारो को रोजगार दिया गया।शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ के क्षेत्र में किया उपलब्धि रही।मुद्दे पर इनलोग बात नहीं करते बल्कि भाजपा मुद्दा विहीन हो गई है।देश में नफरत फैला कर वोट लेकर सत्ता पर काबिज होना चाहती है।लेकिन देश की जनता देश के सबसे बड़े झूठे प्रधानंत्री को दस वर्षो से देख रही है। इस बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो देश में बेरोजगारी दूर किया जायेगा।प्रतेक वर्ष एक करोड़ बेरोजगारो को सरकारी नौकरी दी जाएगी। बिहार में 17 महीने में संविदा की नौकरी को समाप्त कर लाखों बेरोजगारों को नौकरी देने का कार्य किया हूं। उन्होंने कहा कि कमर में दर्द है डाक्टर ने रेस्ट करने का सलाह दिया है तो डाक्टर को कहा कि तब तक तो चुनाव समाप्त हो जायेगा।जब देश का प्रधानमंत्री रोड शो पर उतर गए हैं तो हम भी हिलीकॉप्टर को ट्रैक्टर के तरह उड़ा रहा हूं और सैंकड़ों जन सभा अब तक कर चुका हूं।जब वह अपने पैमाने से नीचे आ गए हैं तो मैं भी रेस्ट करना छोड़ दिया हूं और देश के जनता के लिए समर्पित हूं। चतरा लोक सभा के महा गठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के पक्ष में लोगों को वोट करने का अपील करते हुए नजर आए।उन्होंने ने कहा कि मोदी जी जब चुनावी में प्रतिस्पर्धा में असफल हो रहे हैं तो विपक्ष के नेता के पीछे सीबीआई,ईडी को लगा कर झूठे मुकदमे में हेमंत सोरेन और केजरीवाल को जेल भेजने का काम किया गया है इसका जवाब लोकतंत्र में वोट के जरिए जनता देगी।जनता के सहयोग से केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो गैस के दाम आधे दाम पर मिलेगा।शिक्षा स्वास्थ चिकत्सा और बिजली मुफ्त की जाएगी।इतना ही नहीं महिलाओं की सुरक्षा के लिए सशक्त कदम उठाए जाएंगे।सभी को समानता का अधिकार और संवैधानिक अधिकार जो प्राप्त हैं उसे दिलाने का कार्य किया जायेगा। जबकि चतरा संसदीय क्षेत्र के लोक सभा उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी ने बड़े बाक अंदाज में जन सैलाब को विनर्मता से संबोधित करते हुए कहा कि यह आपका भाई हर समय हर दुख सुख में खड़ा रहेगा।एक बार मौका दें शिकायत का मौका नही दूंगा। आज देश खतरनाक दौर से गुजर रहा है देश और संविधान को बचाने के लिए एक एक वोट कांग्रेस के पक्ष में दें।इसी आशीर्वाद वचन का मैं कीमत देश की सुरक्षा और संविधान की रक्षा के लिए मांग रहा हूं।आज बाबा साहेब के द्वारा रचित संविधान को बदलने के लिए चार सौ पार सीट मांगा जा रहा है।संविधान की केशव प्रसाद मौर्या की खंड पीठ ने उल्लेख किया है कि संविधान मूल भूत ढांचा किसी कीमत में नही बदला जा सकता जब तक एक तिहाई बहुमत हासिल न हो।इसी लिए चार सौ पार का नारा जोर शोर से दिया जा रहा है।लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है महागठबंधन के नेता संविधान बदलना तो दूर उन्हें वहां तक पहुंचने नही देंगे।यह चुनाव भाजपा संविधान बदलने के लिए लड़ रही है और महागठबंधन संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है।संविधान ने जो नागरिकों को अधिकार दिया गया है उसे भाजपा छीनने का प्रयास कर रही है।यह लड़ाई हम सब की लड़ाई है और उसे मिल जुलकर लड़ने की जरूरत है।किसी के बहकावे में न आकर हाथ का साथ दें।यह साथ कभी नही छूटेगा। सभा को राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव,पूर्व विधायक संजय यादव सिमरिया के राजद के पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ राजद के युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव,बैठा,जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी,रश्मि प्रकाश,कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, अब्दुस्सुभान,प्रखण्ड बीस सूत्री उपाध्यक्ष वकील खान, सीपीआईएम जिला मंत्री राजकुमार यादव,प्रखण्ड प्रमुख ममता कुमारी, आभा ओझा,के अतिरिक्त दर्जनों नेताओं ने सभा को संबोधित किया।सभा का संचालन राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव और विनोद कुमार संयुक्त रूप से किया।

## पत्थलगड़ा के मां भगवती मंदिर परिसर में लगे हाईमास्ट लाइट दो माह से खराब



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां भगवती पहाड़ी मंदिर के प्रांगण में बने एनटीपीसी के द्वारा हाईमास्ट लाइट दो माह से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है। जिसे ना तो अभी तक कोई देखने वाला है ना ही किन्हीं जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने संज्ञान में लिया गया। आपको बताते चलें कि प्रतिदिन लगभग काफी संख्या में श्रद्धालुगण, जनप्रतिनिधि व कई नेताओं का भ्रमण व पूजन को लेकर आते रहते हैं, फिर भी किन्हीं के द्वारा इस पर कोई पहल तक नहीं की गई। हाईमास्ट लाइट को सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने विगत वर्ष 2021 में विधिवत उद्घाटन कर लाइट को जलाया गया था। वहीं प्रबंधन समिति के सदस्यों व पुजारीयों ने बताया कि हाईमास्ट लाइट विगत दो महीने से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है जिसकी शिकायत दो माह पूर्व ही विधायक किशुन दास से किया गया है, लेकिन विधायक के द्वारा अभी तक कोई पहल नहीं किया गया। बताया गया कि मंदिर पुजारियों के द्वारा यहां रात्री में पहरेदारी की जाती है।लेकिन इस दौरान इस मंदिर परिसर में अंधेरा छाया रहता है।अंधेरे को लेकर मंदिर में कई बार लाखो की चोरी भी हो चुकी है।मंदिर पुजारियों का कहना है की सांप ,बिच्छू से ज्यादा चोरी होने का संभावना बना रहता है।और साथ ही साथ सांप, बिक्षू आदि का डंक मरने का भय बना रहता है। मंदिर पुजारियों ने गुहार लगाते हुए विधायक किशुन दास से कहा की इस हाईमास्ट लाइट को जल्द से जल्द दुरुस्त कराए।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के फुलसु व बालुभांग पंचायत के विभिन्न गाँव मे इंडिया महागठबंधन के झामुमो के प्रखंड पदाधिकारीयों ने महागठबंधन के चतरा लोकसभा प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को अक्षत मे मतदान हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया व सभाए की( इस दौरान झामुमो पदाधिकारीओ कहा कि भाजपा सरकार नाम मात्र का गरिबों, आदिवासीयो व हरिजनों की हितैसी है। भाजपा सरकार के दस साल के कार्यकाल में मंहगाई, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार व अराजकता चरम पर पहुँच चुका है। भाजपा सरकार अब धर्म के नाम पर देश वाशियो को वांट कर वोट मांग रही है। विपक्षी पार्टियों के खिलाफ मनगढ़ंत बात सुनाकर लोगों को भरमाया जा रहा है। झामुमो के कार्यकर्ताओं ने आज के ज्वलंत मुद्दा बेरोज़गारी, मंहगाई व भ्रष्टाचार खत्म करने तथा, देश की एकता अखंडता व धर्म निरपेक्षता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए, इंडिया महागठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को हाथ छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने का अपील किया. मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, उपाध्याय भुनेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष लाखो भुइयां, मंगर गंझु अनिल तुरी, मोहन गंझु सहित दर्जनों लोग सामिल रहे।

## कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक कर चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करने का किया आग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत सिंघानी चौक सहित कई गांवों के चौक-चौराहे में नुक्कड़ नाटक कर चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने कालीचरण सिंह के पक्ष में लोक गीतों के माध्यम से कहा कि आप सभी एक-एक मत कालीचरण सिंह के पक्ष में दें, जिनका क्रमांक संख्या एक है। आप सभी कमल फूल पर बटन दबाकर उनको विजय बनाएं और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। नुक्कड़ नाटक में शामिल लोगों ने आगे कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से कालीचरण सिंह को अधिक मतों से विजय बनाकर मोदी जी के 400 पार के सपनों को साकार करने में आप सभी अपनी भागीदारी बढ़ चढ़कर निभाएं। तथा मोदी जी के द्वारा चलाए जा रहे हैं कई जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के दुर्गामी सोच से ग्रामीणों को अवगत कराया और उनके पक्ष में एक-एक मत देकर प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। वहीं सभी उपस्थितों के बीच अबकी बार 400 पार मोदी सरकार के सपनों को करें साकार का नारा देते हुए आवाज बुलंद किया गया। मौके पर नुक्कड़ नाटक के कई महिलाएं व पुरुष सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण के साथ कलाकार आनंद लिए।और मोदी जी को फिर एक बार प्रधान मंत्री बनाने का ग्रामीणों से आग्रह किया।

## हिन्दू जागरणमंच ने मतदाता जागरूकता सह जनसम्पर्क अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** हिन्दू जागरण मंच के तत्वाधान में बुधवार को प्रखंड के गुरिया, सिदकी, बभने, प्रतापपुर, सिजुवा सहित कई गांवो मे मतदाता जागरूकता सह जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व हिन्दू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष ऋषि कुमार एवं प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर भाई के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर हिन्दू जागरण मंच के दर्जनो कार्यकर्ताओ के साथ उक्त गांवो के कई टोलो मे डोर टू डोर एवं ग्रामीणो व मतदाताओ के बीच मतदान का अधिकार, महत्व, एक मत का महत्व को बताया गया।साथ ही लोगो ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हाथो को मजबूती के लिए तथा अबकी बार 400 पार के लिए चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्यासी कालीचरण सिंह को आगामी 20 मई को मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र पहुंचकर एवीएम मशीन पर कमल फूल के निशान पर बटम दबाने की अपील किया। मौके पर आशिष कुमार समेत मतदाता, ग्रामीण व बच्चे मौजूद थे।

# जनसंपर्क के दौरान रुद्र महायज्ञ में भाग लिए कालीचरण सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने जनसंपर्क के दौरान बुधवार को लातेहार सदर प्रखंड के डीही मुरूप में आयोजित रुद्र महायज्ञ में शामिल हुए।इस अवसर पर श्रीं सिंह ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में शांति आती है। भगवान की आराधना से मन को सुकून और उर्जा मिलती है। शास्त्रों और विज्ञान में भी यह सिद्ध हुआ है कि यज्ञ के आयोजन से पूरे क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। वहीं ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़े हैं। अब समय आ गया है। फिर से नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री का इसलिए माता बहनों एवं नव युवकों से अपील करता हूं कि आप अपनी दायित्व को समझते हुए कमल फूल में बटन दबाकर विजयी बनाएं मौके पर अवध किशोर वैध कमलेश कुमार पांडे धर्मेंद्र प्रसाद, विनोद कुमार सिंह दशरथ ठाकुर ,शिव शंकर जायसवाल, उत्तम कुमार, राजेश्वर सिंह, बृंद प्रसाद कामेश्वर साव, रामकुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, सत्यनारायण प्रसाद सुरेंद्र सिंह अनिल कैलाश रंजन अशोक मौजूद थे।

## सड़क दुघर्टना में दो मासूम बच्चीयों की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा) :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सेरनदाग निवासी प्रमोद साहू कि पुत्री कृति गुप्ता उम्र लगभग 11 वर्ष तथा केशो साहु की पुत्री उमा कुमारी उम्र 11 वर्ष कि थी, जो कि बुधवार के सुबह सात बजे अपने घर से उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग जाने के लिए निकली। इसी क्रम में विद्यालय के मेन गेट के समीप कोलवाहन (हाइवा) से चकमा खा कर स्कॉर्पियो गाड़ी नश JH01 DP 1991, अनियंत्रित हो कर दोनो बच्चीयों को अपने चपेट में ले लिया। इस सड़क दुर्घटना में दोनो बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी, मौके पर उपस्थित लोगों ने आनन-फानन में उन्हें टंडवा अस्पताल पहुंचाया, परंतु उनकी स्थिति खराब होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया। इस बीच रास्ते में ही कृति कुमारी की मौत हो गई। वही उमा कुमारी का आरोगियम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कृति कुमारी का शव जब गांव पहुंचा तो घटना से आक्रोशित लोगों ने विद्यालय के समीप रोड जाम कर कोल वाहन का आवागमन बंद कर उचित मुआवजा कि मांग करने लगे।

## विज्ञान प्रदर्शनी महाविद्यालय के नवाचार की शक्ति को प्रदर्शित करती है : फादर जोश



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दिन बुधवार को संत जेवियर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी विज्ञान केवल तथ्यों का संग्रह नहीं है बल्कि दुनिया के बारे में आलोचनात्मक, वस्तुनिष्ठ व निष्पक्ष रूप से सोचने का तरीका है। डॉक्टर सिस्टर सिसिल इसलिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज दिनाँक 15/05/24 को महाविद्यालय के भव्य सभागार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर एडवर्ड, फादर रौशन, फादर अरविंद बेक, सिस्टर सिसिल (कार्मेल हॉस्पिटल की प्रशासक) डॉक्टर नव्या,सिस्टर डॉक्टर रोसेला, आईक्यूएसी सदस्य मिस्टर तनवीर उपस्थित थे। प्राचार्य महोदय ने गुलदस्ता प्रदान कर इनका स्वागत टीवी विद्यार्थियों की नवोन्मेषी परियोगनाएँ उनके आंतरिक प्रतिभा दुनिया के प्रति वस्तुनिष्ठ सोच को विकसित करने में असाधारण भूमिका अदा करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों के द्वारा कुल 80 प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन महुआडांड़ के विभिन्न स्कूली छात्र छात्राओं, स्थानीय निवासियों तथा मुख्य अतिथियों के समक्ष किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉक्टर एम. के. जोश ने सभी विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स और उनके बेहतर व्याख्या व प्रदर्शन को खूब सराहा। तथा विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रर्दशन हेतु तथा उनके प्रोत्साहन के लिए मुख्य अतिथियों के द्वारा उनको पुरस्कार के रुप में आर्थिक राशि प्रदान की गईइस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में उप प्राचार्या सिस्टर कैसलिन जूलिएट, उप प्राचार्य फादर समीर टोप्पो, फादर राजीप तिर्की, सभी प्रोफेसर्सगण तथा मुख्य रूप से मंच संचालिका असिस्टेंट प्रोफ़ेसर शिल्पी होरो व असिस्टेंट प्रोफ़ेसर स्नेहल सोहल का अतुलनीय योगदान रहा।

# बारेसांढ़ बस स्टैंड में पानी का संकट गहराया, यात्री परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** जल संकट से निपटने के लिए सरकार जल जीवन मिशन योजना चलाई है।सरकार इस योजना से सभी घर को पानी देने का प्रयास कर रही है इस योजना में सभी घर को पानी देना है। सरकार करोड़ों रूपये इस योजना मे खर्च कर रही है लेकिन यह योजना विफल होते दिख रही है। बतादें कि गारु प्रखंड के बारेसांढ़ पंचायत में जल जीवन मिशन योजना में लगा जलमिनार हाथी के दांत जैसा दिखाने की वस्तु रह गई है। क्योंकि कुछ जलमीनार से घर तक पानी का पाइप लाइन नहीं किया गया है और जिस जलमिनार से घर तक पानी का पाइप लाइन किया गया है वहाँ नल मे पानी नहीं है।अधिकांश जलमीनार में पानी नहीं है इस विषण गर्मी में ग्रामीण पानी की किलत से बहुत परेशान हैं। बताते चलें कि बारेसांढ़ बस स्टैंड में अभी तक जल नल योजना का कोई कार्य नहीं हुआ है ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा दो महीना पहले बोरिंग हुआ था परन्तु बोरिंग में पानी नहीं निकला।इसके बाद भी आज तक ना ही फिर से बोरिंग का कार्य हुआ, और नाहीं किसी घर को पानी कहीं से मिला। बारेसांढ़ बस स्टैंड में पहले से एक मात्र सोलर युक्त पानी टंकी है। उसका बोरिंग का जल स्तर निचे चला गया है। टंकी में कभी पानी रहता है कभी नहीं रहता है। इसके वजह से ग्रामीणों एवं यात्रीयों को बहुत परेशानी होती है। डाल्टनगंज से महुआडॉढ़ चलने वाली सारी यात्री बसें एवं छोटी गाड़ी बारेसांढ़ बस स्टैंड में रूकती है टंकी में पानी नहीं रहने के कारण यात्रियों को टंकी से निराश लौटना पड़ रहा है।

## साहू समाज के द्वारा चतरा संसदीय क्षेत्र में पहले मतदान, तब जलपान को लेकर चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा संसदीय क्षेत्र में पहले मतदान तब जलपान को लेकर साहू समाज के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का आगाज राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा नेता आदित्य साहू बिंदेसवार साहू ने रथ रवाना कर किया है। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहू समाज के कार्यकर्ता शामिल हुए। गौरतलब है कि चतरा संसदीय क्षेत्र में साहू समाज का वोटरों की संख्या लाखों में है और समाज के लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए समाज के द्वारा ही जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा नेता आदित्य साहू ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया है, जो सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर मतदान को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। प्रचार वाहन में पूरे संसदीय क्षेत्र में जागरूकता अभियान के लिए 30 प्रचार वाहन लगाए गए हैं, जो चुनाव प्रचार होने के खत्म होने तक गांव-गांव में घूम कर लोगों को जागरूक करने का काम करेगा। इस मौके पर अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के जिला अध्यक्ष जिवलाल साहू ने कहा है कि आज भी साहू समाज के लोग मतदान के प्रति जागरूक नहीं है।यही वजह है कि समाज के लोगों ने यह निर्णय किया है कि समाज का अधिक से अधिक मतदान हो इसको लेकर पूरे संसदीय क्षेत्र में जागरूकता अभियान के लिए रथ निकाला गया है। उन्होंने कहा है कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में समाज के लोग अभी भी मतदान को लेकर जागरूक नहीं है। ऐसे में यह समाज की जिम्मेवारी है कि अपने राष्ट्र की सुरक्षा, संरक्षण एवं सामाजिक विकास को लेकर मतदान अवश्य करें। आपके एक मत से राष्ट्र को शक्ति और देश के सुरक्षा देने वाला को मजबूती मिलेगी। मतदान अवश्य करें और देश का सशक्त और जागरूक नागरिक बने इस। मौके पर समाज के जिला संरक्षक धर्मेंद्र साहू, लखन साहू, सूरज साहू, कन्हैया साहू, उमा साहू दुलार साहू, राजेंद्र साहू, आदित्य साहू, गणेश नारायण साहू, इंद्रदेव साहू, प्रकाश साहू, उत्तम साहू, सेवा साहू, नारायण साहू, निर्मला साहू सहित समाज के अन्य सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 34 दिनों से लापता सहायक पुलिस जयराम को पुलिस ने किया बरामद

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना में पदस्थापित सहायक पुलिस जयराम कुमार साव को 34 दिनों बाद बालूमाथ पुलिस ने रांची सीआईडी ऑफिस के बगल से बरामद कर लिया है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सहायक पुलिस का शादी 26 अप्रैल को होना था, जयराम कुमार अपना महिला मित्र कंचन पाठक के घर से रहस्यमय तरीके से गायब हो जाने के बाद कई दिनों तक यह मामला सुर्खियों में रहा। पुलिस के अनुसार जयराम उत्तर प्रदेश के एक होटल में मजदूरी का काम कर रहा था ।क्योंकि वह पुलिस में कार्य कर चुका था इसलिए अपना मोबाइल समेत सारे टेक्नोलॉजी को बंद कर रखा था जिससे पुलिस को उद्भेदन करने में सफलता मिलती है ।उसने अपना मोबाइल बंद कर रखा था यही कारण था कि पुलिस को उसकी बरामदगी करने में 34 दिन लगे ।जयराम कुमार के भाई श्रीराम ने मुख्यमंत्री,डीजीपी,मुख्य सचिव समेत कई विधायक,सांसद के पास यह आरोप लगाया था कि उसका भाई रहस्यमय तरीके से गायब हो गया है ।जिस पर पुलिस ध्यान नहीं दे रही है ।जिस पर अब विराम लग गया ।वही जयराम कुमार बरामद होने के बाद वह कई तरह के बयान दे रहा है ।जिससे स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है कि वह किस कारण से गया था ।जयराम कुमार के कुशल वापसी होने से बालूमाथ पुलिस एवं परिजनों को राहत मिली है। वही कंचन पाठक पर लगे आरोप पर भी विराम लग गया है। जयराम कुमार का मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उसे तत्काल परिजनों को सौंप दिया गया है। वही बालूमाथ पुलिस या जयराम के परिजन कुछ भी बताने से इंकार कर रहे है।

# बरकट्ठा में मनोज तिवारी का किया पुतला दहन

## चंद्रवंशी समाज में मनोज तिवारी के विवादित बयान से आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड स्थित डाकडीह में मनोज तिवारी का पुतला दहन किया गया। ज्ञात हो कि 7 मई दिन मंगलवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद सा भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रत्याशी मनोज तिवारी द्वारा चंद्रवंशी (कहार) को अपमानित करने का काम किया गया। मनोज तिवारी द्वारा कहार तथा कहरवेन का टिप्पणी करते हुए कहा कि पता है ना चार कहार कब आता है बोलकर पूरे चंद्रवंशी समाज को अपमानित करने का काम किया है। इसी आक्रोश में चंद्रवंशी समाज द्वारा मनोज तिवारी का पुतला दहन किया गया। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रखंड अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी ने कहा गया कि लोकतंत्र में सभी जातियों का एक समान प्रतिष्ठा है परंतु भाजपा सांसद मनोज तिवारी अपने आप को लोकतंत्र और संविधान से ऊपर समझ रहे है। आखिर क्यों उदहारण देने के लिए भाजपा नेता सब को चंद्रवंशी समाज ही मिलता है क्या चंद्रवंशी समाज इन नेताओ के अपमानित टिप्पणी के लिए है। मनोज तिवारी से पूर्व भाजपा नेत्री उमा भारती तथा अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी के द्वारा भी चंद्रवंशी समाज को अपमानित करने का काम किया है। पूरे देश भर में चंद्रवंशियों की आबादी करोड़ों में है वही सिर्फ झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश राज्यों में चंद्रवंशी वोटरों की संख्या 1 करोड़ से अधिक है लेकिन फिर भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में ना कोई चंद्रवंशी को अपना प्रत्याशी बनाया और ना ही प्रदेश में किसी प्रकार का जगह दिया। चंद्रवंशी समाज सिर्फ भाजपा का झंडा ढोने के लिए नहीं बना है। मनोज तिवारी देश के सबसे बड़े पार्टी के एक ऊंचे पद पर आसीन होकर भी अपने कुर्सी का लिहाज तक करना नहीं सीखे। मनोज तिवारी लंबे समय तक राजनीति में टिके रह सकते थे परंतु उन्होंने चंद्रवंशी समाज को अपमानित कर अपने लिए मुश्किलें खड़ी कर दिया। मनोज तिवारी के लोकसभा क्षेत्र से आने वाले पूरे चंद्रवंशी समाज से आग्रह करूंगा कि वो सभी आपका बहिष्कार करे। हमारे समाज द्वारा किसी भी जाति पर किसी भी प्रकार का टीका टिप्पणी नहीं किया गया है बल्कि समय-समय पर हर जाति के लोगों को मान सम्मान देने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्वकर्तायो से आगरा होगा कि जल्द से जल्द पुणे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मनोज तिवारी अभिनव पूरे समाज से माफी मांगे क्योंकि आप चंद्रवंशी समाज किसी प्रकार का अपमान नहीं सहेगा। इस कार्यक्रम में अनिल चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी, विक्की चंद्रवंशी, राजन चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी, जागेश्वर चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, सचिन चंद्रवंशी, लालू चंद्रवंशी, सुनीता चंद्रवंशी, अनिता चंद्रवंशी, बबिता चंद्रवंशी, सुमित्रा चंद्रवंशी, गीता चंद्रवंशी, बुधनी चंद्रवंशी, अनु चंद्रवंशी, प्रेणा चंद्रवंशी, रिंकू चंद्रवंशी सहित चंद्रवंशी समाज के कई महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# भाकपा उम्मीदवार को मिल रहा है भरपूर समर्थन : भुवनेश्वर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार को पूरा लोकसभा क्षेत्र में भरपूर समर्थन मिल रहा है । हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड में पबरा गांव के सैकड़ो पुरुष महिला सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार को जोश खरोश के साथ माला पहनकर अपना समर्थन व्यक्त किया। इसके बाद बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपूरा कोल ब्लॉक में बीते 12 अप्रैल 2023 से आज तक चल रहे धरना में सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष आज भी धरना स्थल पर मौजूद है। जहां सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार को काफी उत्साह के साथ स्वागत किया गया। श्री मेहता ने कहा कि झारखंड में विस्थापन के लिए हमेशा भाकपा लड़ते आई है ,और लड़ते रहेगी। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद पूरे झारखंड स्तर का विस्थापित आंदोलन किया जाएगा। केंद्र की सरकार केरेडारी, बड़कागांव, टंडवा प्रखंड के दर्जनों पूंजीपति कंपनियों को कॉल ब्लॉक आवंटित कर दिया। जिससे गांव के उपजाऊ, त्रिफसली जमीन को बर्बाद कर दिया गया है। जनता विस्थापित होकर भुखमरी की कगार पर है। इसे न्याय दिलाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हमेशा लड़ती रही और लड़ते रहेगी। इसके बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हजारीबाग पूर्व सांसद सह वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद नेता एवं भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार ने बड़कागांव प्रखंड के साढ, विश्रामपुर, शिवाडीह,हरली, बादाम, सोनपुरा, कंडातरी, मिर्जापुर, सहित दर्जनों गांव का तूफानी दौरा किया। जहां मतदाता स्वागत करते हुए पूरे बड़कागांव प्रखंड का मत हसुआ बाली छाप में देने का विश्वास दिलाया। मौके पर सोहनलाल मेहता, केदार महतो, लखेन्द्र ठाकुर, हरली पंचायत मुखिया कविता देवी, बड़कागांव जिप सदस्या सुनीता देवी ,त्रिवेणी महतो, सबल महतो, पंकज व्यास, देवनारायण महतो, मोहम्मद इम्तियाज, अरुण, विकास, सुरेश महतो, शिवकुमार मेहता, ईश्वर महतो, हीरामन मेहता, आशा देवी, नूतन देवी, मीरा देवी सहित सैकडो लोग मौजूद थे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनीष जयसवाल के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव पूर्वी एंव पश्चिम मंडल व केरेडारी के सभी मुस्लिम बहुल क्षेत्र के गांव टोला में पहुंचकर लोगों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाकर चुनाव प्रचार प्रसार किया। जनसंपर्क अभियान चलाकर हजारीबाग के लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में वोट मांगा।जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से हजारीबाग के वरिष्ठ नेता हजारीबाग लोकसभा चुनाव प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा कयुम अहमद आदि शामिल थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगल बाजार में जनसंपर्क अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगल बाजार टाटीझरिया, बन्हें, केशवडीह, बेड़म, सिझू और कोल्हू गांव में पार्टी प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से जिताने की अपील किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किए गए कार्यों को ग्रामीणों को बताया। जनसंपर्क अभियान में मांडू विधानसभा क्षेत्र के संयोजक रंजीत सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, एमके पाठक, संतोष मंडल, राजेश यादव, परमेश्वर प्रसाद यादव, निखिल सिंह, लोकनाथ गोप, विजय ठाकुर, दशरथ प्रजापति, सुखदेव पांडेय, संदीप चौधरी व अन्य शामिल थे।

# धूप की तपिश में भी जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी का जनसंपर्क जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** धूप की तपिश हो या देर रात झारखंडियत के लिए समर्पित जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता का जनसंपर्क अभियान जारी है।कल बुधवार को उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा अंतर्गत पदमा एवं बरही प्रखंड दौरा किया। इस दौरान अपना चुनाव प्रचार करते संजय मेहता ने ईवीएम नमूना पत्र देकर समर्थन की अपील क्षेत्र वासियों से किया। बरही की विभिन्न पंचायत में बाइक रैली भी निकाली गई। भारी संख्या में जेबीकेएसएस के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने वोट करने की अपील जनता से किया। बरही एवं पदमा के 2 दर्जन से भी ज्यादा पंचायत का भ्रमण करते संजय को जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। लोगों ने विश्वास दिलाया कि उनको भारी मतों से आशीर्वाद देकर संसद भवन भेजेंगे।संजय मेहता ने इस दौरे के दौरान अपने संबोधन में झारखंडी मुद्दों और 1932 स्थानीय नियोजन नीति, स्थानीय मामलों पर विशेष जोर दिया।उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग के वर्तमान सांसद ने अब तक जनता को लूटा और ठगा है और उनकी समस्याओं को अनसुना किया है। इस कारण जनता का विश्वास उठ चुका है। संजय मेहता ने कहा कि अब समय आ गया है कि हजारीबाग की जनता एक स्थानीय उम्मीदवार को चुने, जो उनके मुद्दों को सही तरीके से संसद में उठा सके और उनका समाधान कर सके।संजय मेहता ने यह भी बताया कि उनकी पार्टी और वह स्वयं झारखंड के विकास और जनता की भलाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

# उत्क्रमित मध्य विधालय नापो कलां में बाल संसद का गठन, उर्मिला कुमारी प्रधानमंत्री चुनी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बड़कागांव :** उत्क्रमित मध्य विधालय नापो कलां में सत्र 2024 - 25 के लिए बाल संसद का गठन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक मो0 सोहराब व संचालन शिक्षक मोहन साहु , मो0 जलाल सगीर, सुनिता कुमारी, रौशन आरा ने किया। निर्वाचित 35 सांसदों ने सर्वसमिति से अध्यक्ष अंजलि कुमारी का चयन किया। 11 मंत्री बनाए गए जिसमें बाल सांसद प्रधानमंत्री के रूप में उर्मिला कुमारी का चयन किया गया। वहीं शिक्षा मंत्री सोनम कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री दिव्या कुमारी, खेलकूद संस्कृति मंत्री अक्सा आफरीन, संचार मंत्री दीपक कुमार, पर्यावरण मंत्री इनायत हुसैन, स्वच्छता मंत्री सनी राज, सुरक्षा न्यायमंत्री सतीष कुमार, पोषण मंत्री रीयाकुमारी, कौशल विकास मंत्री पायल कुमारी, उपस्थिती मंत्री आदित यादव को बनाया गया। इस दौरान चयनित सभी मंत्रियों को उनके कार्य और दायित्व को समझा कर शपथ दिलाई गई।

# एंजल्स हाई स्कूल के निखिल कुमार बनें सीबीएसई कला संकाय में संयुक्त राष्ट्रीय टॉपर



**हजारीबाग :** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में एंजल्स हाई स्कूल के कला संकाय में निखिल कुमार ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से नेशनल टॉपर बने हैं।निखिल ने यह उपलब्धि दो अन्य प्रतिभावान छात्रों के साथ साझा की है। निखिल कुमार ने यह उपलब्धि एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा की सुरभि मित्तल और लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी कोलकाता की वंशिका कोठारी के साथ साझा की है। तीनों प्रतिभाशाली छात्रों ने सीबीएसई 12वीं कला वर्ग बोर्ड परीक्षा 2024 में समान रूप से 99.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। यह उपलब्धि एंजल्स हाई स्कूल की निरंतर प्रगति का प्रमाण है। 2008 में स्थापित इस विद्यालय ने महज कुछ ही वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। स्कूल का पहला बैच वर्ष 2015 में 10वीं बोर्ड और 2017 में 12वीं की परीक्षा में शामिल हुआ था। इसके बाद से विद्यालय लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## मतदान दिवस को यादगार बनाने की तैयारी में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन



**हजारीबाग :** लोकतंत्र का महापर्व 20 मई को मतदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा।इस अवसर पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में प्रातः 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है।एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने कहा कि आप सभी को 20 मई को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान तो करना ही है साथ ही मतदान के पश्चात जलपान करके रक्तदान भी करना है ,जिससे थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के चेहरे पर मुस्कान आ सके। लोगों के मन में यह भ्रांति है की रक्तदान करने से कमजोरी आती है, यह पूर्णतः भ्रम है,रक्तदान करने पर किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं रहती साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है साथ हीं हम कई तरह की बीमारियों से बचते हैं। मैंने स्वयं 92 बार रक्तदान किया मुझे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं ,मैं अब तक कोई दवा नहीं लेता, पूर्ण रूप से स्वास्थ्य हू ।उन्होंने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से इस लोकतंत्र के पर्व के अवसर पर मतदान तथा रक्तदान करके, इस दिन को यादगार करने की अपील की।

## सीबीएसई मैट्रिक परीक्षा में जिले के सेकंड टॉपर बना धैर्य राज



**कटकमदाग ।** प्रखंड के सलगा निवासी शिक्षक जानकी रविदास के पुत्र धैर्य राज ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक लाकर हजारीबाग जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता के साथ पुरे कटकमदाग प्रखंड का नाम रौशन किया है। धैर्य राज एंजेल हाई स्कूल का छात्र है। उन्होंने बताया कि आगे की पढ़ाई कर वे आईआईटीयन बनना चाहते हैं। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता व विद्यालय के शिक्षकों को दी है। जिले के द्वितीय टॉपर बनने पर परिवार में खुशी का माहौल है। रिश्तेदार व प्रखंड के गणमान्य लोग उन्हें बधाई व शुभकामना देने घर पर पहुंच रहें है। उसके बड़े भाई अविचल राज 2018 में एंजेल स्कूल से ही जिले में चौथे स्थान प्राप्त किया था। वह नीट परीक्षा 2022 में सफल होकर एम्स से एमबीबीएस कर रहा है। बहन रोमा राज 2022 में ही जेईई मेंस में सफलता प्राप्त कर बीटेक कर रही है। माता पिंटू रानी अडरा पंचायत के दो बार मुखिया रह चुकी है। पिता वर्तमान में हाई स्कूल डॉड में पदस्थापित हैं।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में टेकफेस्ट का हुआ समापन



विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में सीएस एंड आईटी विभाग की ओर से टेकफेस्ट का समापन, कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बता दें कि टेकफेस्ट कार्यक्रम के तहत कोडिंग, पोस्टर डिजाइन व क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही मंगलवार को तकनीकी प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें कई विद्यालयों, महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक प्रदर्शनी लगाई। इन प्रदर्शनी में तकनीक कौशल के कई उदाहरण देखने को मिले। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय की हमेशा कोशिश रही है कि यहां के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों को लेकर फ्रेंडली बनाया जाए। ऐसे में टेकफेस्ट जैसे आयोजन महत्वपूर्ण है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि सीएस एंड आईटी विभाग की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में क्रिएटिव हाई स्कूल, जेआरबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बिरसा मेमोरियल हाई स्कूल, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, सपोर्ट पब्लिक स्कूल, अमृत नगर हाई स्कूल, ज्ञान भारती हाई स्कूल, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, इंटर साइंस कॉलेज, बियोंस प्राइवेट लिमिटेड, संत कोलंबा महाविद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मॉडल स्कूल बगोदर, प्लस टू गुलशन स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, एसवी पटेल कॉलेज, अन्नदा कॉलेज, केबी विमेंस कॉलेज, विनोबा भावे विश्वविद्यालय सहित कई स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि दरअसल इस कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के प्रतिभागियों को शामिल कराने का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से वाबस्ता कराने के साथ साथ नए-नए विचार के लिए प्रोत्साहित करना था। बताते चलें कि इस दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष के हाथों पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन, एचओडी तारा प्रसाद, रविकांत कुमार, प्रभात कुमार, राहुल कुमार, विजय लाल सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## मनीष जयसवाल के पक्ष में पथ सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी पूर्वी उरिमारी मंडल बड़कागांव के द्वारा नापो खुर्द पंचायत में पथ सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं संचालन मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव के द्वारा किया गया। इस सभा के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह एवं बतौर अतिथि मनोज शाह उपस्थित हुए। पथ सभा को संबोधित करते हुए दामोदर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को 33त्न आरक्षण की भागीदारी सुनिश्चित किया है एवं स्वच्छ भारत स्वच्छ मिशन के तहत हर घर जल नल योजना से जल की व्यवस्था की गई है। मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा की आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी असनाटांड के मुंडा टोला, पहन टोला तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित था जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा पक्की सड़क की व्यवस्था की गई घर-घर शौचालय का निर्माण किया गया। जिससे इस टोला का समुचित विकास हो पाया। हम सभी मोदी सरकार के कर्जदार हैं जिसका बदला 20 मई को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर हम कर्ज मुक्त होंगे। आगे अशोक साव ने कहा कि मोदी सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण यह मोदी की गारंटी है। मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड लोगों को घर तक मुफ्त राशन पहुंचाने के लिए मोदी जी का आभार प्रकट किया। सभा में पुर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश साव, बेचन साव, पुष्कर अग्रवाल, सुमन गिरी, सेवन्ती देवी, सुमित्रा देवी, कजरू साव सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## थम नही रहा भाजपा नेताओं का पार्टी से इस्तीफे का सिलसिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग की भाजपा जिला मंत्री पुष्पा तिर्की ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है।भाजपा से इस्तीफा देने वालों का तांता लगा हुआ है।मगर भाजपा जिला संगठन की कुंभकर्णी नींद नहीं टूट रही है। हर इस्तीफा देने वाला कार्यकर्ता एक ही आरोप लगा रहा है कि पुराने और समर्पित कार्यकर्ता को ना ही चुनाव कार्य में लगाया जा रहा है और ना ही उसको दल की ओर से सम्मान दिया जा रहा है। इन सबका खामियाजा लोकसभा चुनाव में पार्टी को भुगतना पड़ेगा। समर्पित कार्यकर्ता के बल पर ही भाजपा चुनाव में सफलता हासिल करती आई है,मगर लोकसभा के प्रत्याशी और जिला संगठन ना जाने किस दंभ में हैं। लगातार कार्यकर्ता पार्टी से इस्तीफा दे रहें हैं।इस्तीफा देने वाले भाजपा नेता अनिल सिन्हा ने कहा कि कार्य कर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं क्या बिना रीढ़ के भाजपा खड़ी रह पाएगी।अब तो बहुत देर हो चुकी है।


# ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज में मातृत्व दिवस पर हुए कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बुधवार को पीडबल्यूडी चौक स्थित ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज में 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मातृत्व दिवस एवं मतदान जागरूकता का कार्यक्रम किया गया द्य इस कार्यक्रम का आयोजन भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष दीपेंद्र कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया साथ ही इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के निदेशक विनय कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार,परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार के साथ विभिन्न विभाग के शिक्षक उपस्थित थे।अपने संबोधन में निदेशक विनय कुमार ने कहा कि हाल ही में देश में मातृत्व दिवस मनाया जो की हमारी सभ्यता संस्कृति में थी ही नहीं लेकिन आज नैतिकता के अभाव में समाज में लोग अपने भगवान स्वरूप मां पिताजी को घर से बेघर कर रहे हैं,यही कारण है कि आज छोटे शहरों में भी वृद्ध आश्रम की संख्या बढ़ती जा रही है अब जरूरत है कि बच्चों में माता-पिता के प्रति समर्पण की भावना जागृत की जाए तभी समाज का कल्याण होगा।

# भाजपा नेताओं ने चन्द्रवंशी बहुल गाँवों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट देने की अपील को लेकर भाजपा के नेताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान बरही, चौपारण और पदमा प्रखंड के विभिन्न गाँवों में घूम घूम कर चन्द्रवंशी बहुल गाँवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से चन्द्रवंशी समाज से अशोक चन्द्रवंशी, शंभु चन्द्रवंशी, राजेश रवानी और भाजपा के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चन्द्रवंशी, भाजपा किसान मोर्चा के ज़िला उपाध्यक्ष पप्पू चन्द्रवंशी, सुजीत चन्द्रवंशी, अनूप कुमार शामिल रहे। समाज के लोगो ने कहा कि देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने मंत्रिमंडल में सबसे ज्यादा पिछड़े समाज के लोगों को रखकर सम्मान देने का काम किया है। उन्होने जनसंपर्क अभियान चौपारण प्रखंड के टिटहीं, सिंघरावाँ, पिपरा, गंगाहार, नारायणा, कांटी, रामपुर, पोड़ो, फुलवारिया, ईमुनिया, मानगढ़, लोहंडी, पपरो, केंदुवा, हथिया, समेत बरही व पदमा के दर्जनों गाँव में चलाया। वहीं रंजीत चंद्रवंशी ने बताया कि 17 मई को देवचन्दा मोड़ में चंद्रवंशी समाज के लोगों के साथ लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचन्द्र चंद्रवंशी और बरही विधानसभा के संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज यादव बैठक करेंगे और चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा करेंगे।

# विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के महिला इकाई ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आगामी 20 मई को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। जिसे लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित हो इसको लेकर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के महिला इकाई ने बरही विधानसभा में चौपारण, बरही, पदमा, चंदवारा प्रखंड के सभी पंचायतों एवं बूथ स्तर तक 15 मई से 19 मई तक राष्ट्रहित में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए कमेटी का गठन कर छोटी-छोटी टोलियां बनाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया है। जिसका शुभारंभ चौपारण प्रखंड के पांडेयबारा, बरहमौरिया आदि स्थानों से शुरू कर दिया गया है। मौके पर फाउंडेशन के रंजू देवी ने कहा है कि बेहतर भारत के लिए मतदान बिल्कुल जरूरी है। जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से संजू देवी, सीमा देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी, राधिया देवी, मीना देवी, ममता देवी, संजू देवी के साथ कई अन्य महिलाएं शामिल रही।

# गिरिडीह जिले में पोस्टल बैलेट के तहत कुल 3561मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया

## मतदान कार्य में लगे कर्मी, पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस-सुरक्षा जवानों ने किया मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** लोकसभा चुनाव को लेकर इस बार सभी वर्गों को केंद्रित रखकर हर मतदाता को जोड़ने की संपूर्ण प्रक्रिया की प्रसंशा की जा रही है। जिसमें एसेंशियल सेवा, मतदान कार्य में लगे कर्मी, पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व पुलिसङ्कसुरक्षा जवानों ने मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के उपरांत उत्साहित मतदाताओं ने एक सुर में समाज के हर एक तबके के वोटर को 20 मई मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अपील भी की,ताकि सशक्त लोकतंत्र की नींव रखी जा सके। गिरिडीह जिले में पोस्टल बैलेट के तहत कुल 3561 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसके तहत 10-सिंहभूम से अबतक कुल 48, 11-खूंटी से अबतक कुल 50, 12-लोहरदग्गा से अबतक कुल 135, 13-पलामू से अबतक कुल 108, 04-चतरा से अबतक कुल 89, 05-कोडरमा से अबतक कुल 2842, 14-हजारीबाग से अबतक कुल 203, 06-गिरिडीह से अबतक कुल 81 तथा 07-धनबाद से अबतक कुल 05 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया।

**पोस्टल बैलेट के क्या है उद्देश्य**

इस लोकसभा निर्वाचन 2024 में कोई भी मतदाता वोट देने से वंचित न रहे। कई मतदाता आवश्यक सेवाओं में रहते हुए मतदान प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते है वें अब इस प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।




### भाजपा प्रत्याशी ने जगह-जगह पर चलाया जनसंपर्क अभियान

## नरेंद्र मोदी को फिर पीएम बनाने के लिए वोट करें : ढुल्लू महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुलू महतो ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान जनता से कहा कि नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सभी वोट करें। उन्होंने कहा कि आप सब के साथ और प्रधानमंत्री व भाजपा के प्रति आपके विश्वास को देख विरोधियों के खेमे में हड़कंप मचा हुआ है। इस बार जनता विपक्ष के झूठे बहकावे में नहीं आने वाली है। सब मिल कर भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए भाजपा को जीतायें। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उन्होंने धनबाद के गुरुद्वारा में माथा टेका एवं सिख समाज के लोगों से मुलाकात की। तत्पश्चात ढुलू महतो ने बैंक मोड़ क्षेत्र में रोड शो किया। इस दौरान वह व्यवसायियों से भी मिले और सहयोग की अपील की। वहीं चैंबर ऑफ कॉमर्स व धनबाद मोटर डीलर्स एसोसिएशन के सदस्यों से मुलाकात कर अपने पक्ष में मतदान का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

## अनुपमा सिंह ने किया वासेपुर का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इंडिया महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का तूफानी दौरा लगातार जारी है। वे मतदाताओ से मिल कर अपने पक्ष में मतदान करने की पुरजोर अपील कर रही हैं। जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी का काफिला मुस्लिम बहुल क्षेत्र वासेपुर पहुंचा जहां उन्होने कई लोगों से भेंट की। इसी क्रम मे वे यहां गठबंधन समर्थित पार्टी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद के आवास पहुंची और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दैरान श्री अहमद ने प्रत्याशी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। दोनो नेताओं के बीच चुनाव को लेकर काफी बातें हुई। इस दौरान समाजसेवी तनवीर आलम और उनकी पत्नी ईशरत परवीन ने अनुपमा सिंह को फूल माला पहना कर उनका अभिनंदन किया। मौके पर राजद नेता मुमताज कुरैशी, निवर्तमान पार्षद निसार आलम, इकबाल खान, शादाब आलम, कांग्रेस नेता वसीम खान, तबरेज खान, प्रभात सुरोलिया समेत बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई के बच्चों ने लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10 वीं और 12 वीं परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई के बच्चों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर प्राचार्या महुआ सिंह ने बच्चों की सफलता को देखते हुए बच्चों के साथ अभिभावकों को भी शुभकामनाएं देते हुए बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही यह आशा जताई कि आगे भी बच्चे ऐसे ही विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। ज्ञात हो कि बारहवीं विज्ञान संकाय से कुल 82, वाणिज्य संकाय से 39, कला संकाय से 31 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें विज्ञान संकाय से श्रेया कुमारी 97.2%, अनुराग 96%, दिव्या लक्ष्मी 91.4%, लावण्या घोष 86.2%, ऋतुपर्णा घोष 85.6%अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं दूसरी ओर वाणिज्य संकाय से राजवीर पांडे 93%, चंद्रिमा घोष और कोदिप घोष 92.8, रितेश कुमार यादव 92.4%, अभिषेक कुमार झा 92% किसलया कौशिक 90.4% अंक प्राप्त कर अपना और अपने विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं कला संकाय ने भी अपना दम खम दिखाते हुए श्रेया वशिष्ठ 96.6%, शुभा समृद्धि 96.4%, जीनत परवीन 94.4%, सौम्या श्री 92.4%, स्नेहा दत्ता 84.2% अंक प्राप्त कर अपने सपनों को नई उड़ान दी। साथ ही साथ विज्ञान संकाय की श्रेया कुमारी अंग्रेजी में 99 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान हासिल कर अपने सपनों को साकार कर अपनी एक नई पहचान बनाई वहीं दूसरी ओर विज्ञान संकाय के ही अनुराग ने गणित में 99 अंक हासिल किया। साथ ही कला संकाय की श्रेया वशिष्ठ तथा शुभा समृद्धि ने इतिहास में 100 में से 100 अंक हासिल कर रिकॉर्ड तोड़ अपना और अपने विद्यालय का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित किया। 12वीं के विद्यार्थियों की तरह ही कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें मानसी सिंह ने 95.2%, अनुष्का आर्या 94.4%, जगरनाथ ठाकुर 94.25%, रोनित गोस्वामी 94%, रूपेश कुमार दास 92.8%, सिद्धांत 92%, सार्थक 90.6%, शुभम दत्ता 90.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। साथ ही 30 बच्चों ने 80% अंक प्राप्त कर अपने साथ साथ अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्या ने बच्चों की शत प्रतिशत सफलता के लिए बच्चों और अभिभावकों के साथ साथ शिक्षकों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि कोई भी कार्य यदि दृढ़ संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ की जाए तो असंभव से असंभव कार्य भी सरलता पूर्वक किया जा सकता है।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया प्रशिक्षण केन्द्र व मटेरियल सेल का भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, न्यू टाउन हॉल तथा मटेरियल सेल का भ्रमण किया। एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सामान्य प्रेक्षक ने मतदान पदाधिकारियों को हैंड्स ऑन ट्रेंनिंग पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। साथ ही वहां पोस्टल बैलट से जारी मतदान की प्रक्रिया का निरीक्षण किया एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद सामान्य प्रेक्षक न्यू टाउन हॉल पहुंचे। वहां स्वीप एक्टिविटी को लेकर चल रही बैठक में सभी बीएलओ सुपरवाइजरों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात सामान्य प्रेक्षक मटेरियल सेल पहुंचे और मतदान सामग्री का निरीक्षण किया। मटेरियल सेल में जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री मुकेश कुमार बाउरी, प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री मनोज कुमार, कार्यालय सहायक श्री संतोष कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## धनबाद जिला के 216 वोटरों को कराई जाएगी होम वोटिंग

**धनबाद :** पोस्टल बैलेट कोषांग द्वारा होम वोटिंग की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। होम वोटिंग हेतु धनबाद जिला में कुल 216 वोटरों को चिन्हित किया गया है जिन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोटिंग कराई जाएगी। धनबाद जिला के 216 वोटरों के घर पोलिंग पार्टी जाएगी और पोलिंग कराएगी, इसके लिए जिला प्रशासन ने 15 मतदान दल का गठन किया है। पोलिंग पार्टियों में दो पोलिंग ऑफिसर तथा एक-एक माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। 17 मई को होम वोटिंग की प्रक्रिया जिले भर में शुरू होगी और 18 में को सम्पन्न की जाएगी। होम वोटिंग की पूरी प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में होने वाली होम वोटिंग की प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। जिले में कुल 216 होम वोटरों की सूची तैयार की गई है। इसका प्रखंडवार ब्यौरा तैयार किया गया है, इसमें 85 प्लस आयु तथा पीडब्लूडी वोटर भी शामिल है। मतदान दल बैलेट पेपर से मतदाता के घर जाकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए मतदान करना सुनिश्चित करेंगे।

## बेकारबांध में आयोजित सम्मान समारोह में कांग्रेस प्रत्याशी का हुआ स्वागत



**धनबाद :** बुधवार को बेकारबांध स्थित मालती रेजिडेंसी में छोटू सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी शिवानी सिंह ने सम्मान समारोह आयोजित कर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को माला पहना कर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सम्मान समारोह में बेकारबांध एवं आसपास के क्षेत्रो की सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। अनुपमा सिंह ने समारोह में उपस्थित लोगों से 25 मई को लोकसभा के चुनाव में सपरिवार अपना बहुमूल्य मतदान करने की अपील की। कहा की महिलाओं के अधिकारों एवं हक के लिए, गरीबों के उत्थान के लिए, धनबाद का सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें बैलट पेपर के क्रमांक संख्या एक पर वोट करें और धनबाद में विकास की गंगा बहायें।

## हर घर नल जल योजना से ग्रामीणों को मिलने लगा पानी



**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत चित्तरडीह पंचायत मे सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना से विभिन्न गांव में हर घर नल से जल मिलने लगा है। इस योजना से ग्रामीणों को शुद्ध पीने का पानी मिल रहा हैं। बता दे सरकार की इस योजना के तहत सभी घरों तक पाइपलाइन के जरिए नल के द्वारा पीने का पानी पहुंचाने का सरकार कार्य कर रही है। बता दें नल जल योजना आने के बाद गांव की जो महिलाएं हैं उन्हें काफी सुविधा मिला है । अब पीने के पानी घर से दूर जाकर लाना पड़ता है। पहले महिलाएं को काफी परेशानी होती थी पीने के पानी के लिए दूर जाना पड़ता था लेकिन सरकार की घर घर नल जल योजना के तहत महिलाएं को काफी सुविधा मिली और घर-घर तक पानी पहुंच रहा हैं । लगतार इस योजना को हर घर तक पहुचाने का काम तेजी से किया जा रहा है। अनुमान कुछ दिनों मे चित्तरडीह पंचायत के सभी गांव में पानी पहुचा दिया जाएगा।

## सामान्य प्रेक्षक ने पांडरपाला में मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**धनबाद :** सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने पांडरपाला में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पांडरपाला पंचायत भवन के बूथ संख्या 52, 53 का निरीक्षण किया। इस क्रम में मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, शेड सहित सभी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने व अन्य दिशा निर्देश दिए।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने गुरुद्वारा में माथा टेक लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बैंक मोड़ स्थित बड़ा गुरुद्वारा मे इंडिया महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने माथा टेक गुरु ग्रंथ साहिब से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा में लंगर बनाने में हाथ बंटाया और सेवा भी की। उन्होंने कहा कि सेवा का कोई मोल नहीं है। दरबार में जो आशीर्वाद हमें मिला है, ऐसा ही प्यार और आशीर्वाद हमें जनसंपर्क में भी मिलेगा। उन्होंने खालसा होटल के मालिक के पलायन पर भी चिंता जताई और कहा की अब किसी को भी धनबाद से पलायन नहीं करना पड़ेगा। मैं अपने ससुर स्व. राजेंद्र सिंह के पदचिन्हों पर चल कर जनसेवा करूंगी। वहीं अनुपमा सिंह ने डिगवाडीह 10 नंबर गुरुद्वारा में भी माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां गुरुद्वारा कमेटी ने उन्हें सिरोपा देकर सम्मानित किया। मौके पर दिलजान सिंह, सतपाल सिंह ब्रोका, इंद्रजीत सिंह गुजराल, लकी सिंह, राजेंद्र सिंह चहल, गुरजीत सिंह, तेजपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, मनमोहन कौर समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धनबाद के नए निदेशक ने किया पदभार ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल आफ माइन्स) धनबाद की नये निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने 15 मई 2024 को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. जे के पटनायक से पदभार लिया। विदित हो कि प्रो. पटनायक 1 जुलाई 2023 से संस्थान के कार्यवाहक निदेशक के रूप में सेवारत थे। पदभार ग्रहण के पश्चात उन्होंने संस्थान के प्रशासनिक भवन के कांफ्रेंस हॉल में सभी के साथ बैठक में भाग लिया। मौके पर संबंधित डीन द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से संस्थान में चल रही गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं का विवरण पेश की गई।

## महुदा मोड़ मे एनडीए के चुनाव कार्यालय का हुआ उदघाटन

▶▶ बाघमारा विधान सभा से एक लाख पच्चीस हजार वोट से लीड करायेगे- धनेश्वर महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** एन डी ए प्रत्यासी चन्द्र प्रकाश चौधरी के चुनाव प्रबंधन को लेकर भाजपा महुदा मंडल अंतर्गत महुदा मोड़ में कार्यालय का उद्घाटन किया गया! कार्यालय उदघाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो विधायक प्रतिनिधि अनिल उपाध्याय संतोष महतो विकाश मधू मिश्रा कुमार अग्रवाल, कार्तिक महतो समेत पार्टी से जुड़े अधिकारियो ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया! समारोह के दौरान वक्ताओ ने क्षेत्र के तमाम शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर कार्यकर्ताओ को पुरी मुस्तैदी से समर्पित होकर अधिक से अधिक लोगो से संपर्क कर मतधिकार कराने का आहवान किया! इस अवसर पर उद्घाटन कर्ता धनेश्वर महतो, अनिल उपाध्याय समेत प्रमुख वक्ताओ ने प्रधान मंत्री श्री मोदी के संकल्प एवं निर्देशो के अनुरूप प्रत्यासी चन्द्र प्रकाश चौधरी को भारी मतो से विजय दिलाने का संकल्प दिलाया! इस क्रम मे महुदा क्षेत्र के तमाम 13 पंचायतो की महुदा एवं महुदा मोड़ के कार्यालय से पुरी रणनीति के तहत एक -एक वोट दिलाते विधान सभा से एक लाख पच्चीस हजार से भी अधिक मत से बढ़त दिलाने का आहवान किया! समारोह के दौरान राजेश महतो मटूक मिश्रा कौशल किशोर महतो आनंद सिंह अनेश महतो अमित कालिदी घ्रूव नारायण दुवे चित्तो दूबे शंकर गोप मुकुंद महतो बॉबी महतो सपना गुप्ता सागर रवानी सीमा चौहान खगेश्वर महतो कमल महतो महेश गोस्वामी समेत अन्य उपस्थित थे!


# समाहरणालय, लातेहार।

(प्रशिक्षण कोषांग)

## आदेश

लोक सभाचुनाव 2024 के निमित लातेहार जिला अन्तर्गत नियुक्त मतदान कर्मियों का तृतीय चक्र का प्रशिक्षण दिनांक 16.05.2024 से 17.05.2024 तक गांधी इन्टर कॉलेज, लातेहार एवं बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में दो पालियों में निर्धारित किया जाता है। मतदान कर्मियों का पोलिंग पार्टी संख्या के अनुसार निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 | प्रशिक्षणस्थल | पोलिंगपार्टी नं0 | मतदानकर्मियों की संख्या | प्रशिक्षण की तिथि | प्रशिक्षणअवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गांधी इण्टर कॉलेज लातेहार | 7301–0001 से 7301–0104 Y/0001 | 420 | 16.05.2024 | 09:00 AM TO 12: 00 AM |
| | | 7302–0001 से 7302–0098 H-P3 | 429 | 16.05.2024 | 01:00 PM TO 04:00 PM |
| 2 | बनवारी साहू कॉलेज, लातेहार | 7303–0001 से 7303–0032 7305–0001 से 7305–0039 परदानसीमतदानकेन्द्रP2, P3 एवंH – P2 | 363 | 16.05.2024 | 09:00 AM TO 12: 00 AM |
| | | 7304–0001 से 7304–0095 | 308 | 16.05.2024 | 01:00 PM TO 04:00 PM |
| 3 | गांधी इण्टर कॉलेज लातेहार | 7401–0001 से 7401–0100 PwD-0001 एवंY/0001 | 408 | 17.05.2024 | 09:00 AM TO 12: 00 AM |
| | | 7402–0001 से 7402–0110 | 430 | 17.05.2024 | 01:00 PM TO 04:00 PM |
| 4 | बनवारी साहू कॉलेज, लातेहार | 7403–0001 से 7403–0086 महिलाबूथ–PO, P1, P2, P3 | 396 | 17.05.2024 | 09:00 AM TO 12: 00 AM |
| | | 7403–0087 से 7403–0098 7404–0001 से 7404–0058 7405–0001 से 7405–0032 | 406 | 17.05.2024 | 01:00 PM TO 04:00 PM |

उपरोक्त पोलिंग पार्टी के कर्मियों को आदेश दिया जाता है कि निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करें। डाक मतपत्र द्वारा मतदान के लिए शेष मतदान कर्मी मतदाता पहचान पत्र आदि मूल प्रति में अपने साथ लाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि मतदान कराया जा सके।

प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षण स्थल–गांधी इन्टर कॉलेज, लातेहार में श्री संतोष भगत, जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार एवं बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में सुश्री कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी रहेंगे एवं प्रशिक्षण का स्टेटिक अनुश्रवण करेंगे।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लातेहार

PR 324813 Latehar(24-25)D



# कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक सहमुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार

Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

ज्ञापांक......................./ दिनांक........................../

## आवश्यक सूचना

चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दिनांक–20.05.2024 को आयोजित लोकसभा आमचुनाव 2024 का मतदान कार्य के क्रम में जिला अंतर्गत दिनांक–18.05.2024 से 21.05.2024 तक चिकित्सीय संबंधी सहयोग हेतु जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर निम्न रूप से नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जो निम्नवत् है:–

| Sl No | Block | Name of Controll Room and Phone No /Mob No | Name of Staff For Block/CHC Control Room | Controling Officer with Mobile No |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Herhanj | PHC Herhanj Mob No- 8210977249 | PANKAJ KUMAR PANDEY - MTS 6207773589 | Dr Prakash Baraik (MOIC) Mo- 8986855572 |
| 2 | Bariyatu | PHC Barikhap (Bariyatu) Mob No- 8986855572 | YOGENDRA RAM - BDM ( 8789784326) | Dr Prakash Baraik (MOIC) Mo- 8986855572 |
| 3 | Balumath | CHC Balumath Mob No- 7277770170 | MRITUNJAY KUMAR - BPM (Mob No 9661853563) | Dr Prakash Baraik (MOIC) Mob No 8986855572 |
| 4 | Chandwa | CHC CHANDWA Mob No 7903087323 | KRISHNAKANT KUMAR Mob No 9304648787 RAVI SHANKAR MISHRA Mob No 8873111349 | DR NEELIMA KUMARI MOIC Mob No 7903087323 |
| 5 | Sadar Hospital Latehar | Sadar HospitlLatehar Mob No. 8002523419 | RAHUL KUMAR HOSPITAL MANAGER MOB NO. 8002523419 | Dr Akhileshwar Prasad DS Mob No7979816190 |
| 6 | Manika | CHC Manika Mob No 7004668346 Mob No. 8521457375 | MD SHAHNWAZ (MTS) MOB NO. 8521457375 AMIT KUMAR (MPW) ANIL RAVI (MPW) | DR. D.K. KUJUR Mob No 7004668346 |
| 7 | Barwadih | CHC BARWADIH Mob No. 7070452290 | RAJESH CHANDRA SINHA Mob No 9199643012 DANISH ANSARI DRESSER 7903492273 | DR JAYWANT LAKRA Mob No 7070452290 |
| 8 | Garu | Referral Hospital Garu Mob No. 8987493109 | Mr Sanjeev Dubey BAM Mob:-9973462072 Pramod Prasad DEO M0-8987493109 | Dr. Amit Kumar Ajad (MOIC) Mob No 7979969178 |
| 9 | Mahudanr | CHC Mahuadanr Mob No. 9523046541 Mob No.7870673289 Mob No.9973585377 | SUMAN KISHOR EKKA, Mob No 9523046541 VINAY KUMAR, Mob No 7870673289 YASHWANT RAM, MPW, Mob No 9973585377 | DR. AMIT XALXO, Mob No 7762813477 |

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, लातेहार

PR 324827 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

# चमरा लिंडा ने दोनों राष्ट्रीय पार्टी का बढ़ाया टेंशन, भाजपा और कांग्रेस दोनों जीत के प्रति अस्वस्थ






राजेश गुप्ता@प्रभात मंत्र

**लोहरदगा :** लोहरदगा लोक सेभा संसदीय क्षेत्र का चुनाव के परिणाम हमेशा से ही दिलचस्प रहे है। पिछले तीन बार के लोक सभा चुनाव के आंकड़ा पर अगर गौर किया जाए तो यहां पर जीत-हार का अंतर बहुत ही कम रहा है। दूसरी ओर वोट काटने वाले हमेशा ही चुनाव परिणाम को प्रभावित करते आ रहे हैं। हालांकि कभी कभी मजबूत प्रत्याशी के आने से त्रिकोणीय मुकाबले भी हुए हैं, लेकिन जीत-हार हमेशा से भाजपा-कांग्रेस के बीच ही होता रहा है। चुनाव में जिस मजबूती के साथ झामुमो के बागी निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने मोर्चा संभाला था उससे ऐसा लगा रहा था कि लोहरदगा का परिणाम कुछ आश्चर्यजनक होने वाला है परन्तु ऐसा नहीं हुआ। हालांकि चुनाव के शुरुआती दौर में चुनावी सभा के बाद लोहरदगा में मुकाबला भी त्रिकोणीय नजर आने लगा था। निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा ने आदिवासी मतों को एकजुट करने के साथ-साथ मुस्लिम मतदाताओं में सेंधमारी की पुरजोर कोशिश की थी,लेकिन उनकी रणनीति सही नहीं बैठ पाया।वही अन्य को छोड़ दे तो मुस्लिम मतदाता कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़े दिखे। वहीं दूसरी ओर आदिवासी मतदाताओं में भारी बिखराव देखने को मिला। मतदाताओं का रुझान देखने के बाद ऐसा लग रहा है कि लोहरदगा में कुछ नया होने वाला नहीं है। बल्कि सीधा टक्कर भाजपा-कांग्रेस के बीच होना तय है। मतदाताओं का उत्साह और रुझान को देखते हुए मतदान खत्म होने से पहले हीं भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी और कार्यकर्ता जीत के प्रति अस्वस्थ दिखे कांग्रेस को मुस्लिम-ईसाई का एकमुश्त वोट के साथ आदिवासियों का उनके पक्ष में बेहतर मतदान के आसार नजर दिखाई दे रहे है।वही भाजपा उम्मीदवार समीर उरांव चुनावी गणित में ज्यादा फंसे दिख रहे है जिसे कारण भाजपा को अब मोदी मैजिक पर भरोसा करना होगा। कांग्रेस को मुस्लिम व आदिवासी वोट मिलने के आसार से भाजपा तथा कांग्रेस में टक्कर के पूरे आसार है। वही आदिवासी मतदाताओं का बिखराव से चमरा का खेल पूरी तरह बिगड़ गया है। जिले भर में मतदान के बाद जीत हार की चौपाल लगने का खेल शुरू हो गई है। चाय की दुकान हो या गोलगप्पे के ठेलों,नाई की दुकान हो या फिर गर्मी के मेले में भी लोग प्रत्याशी के जीत-हार की चर्चा करते हुए जोड़ घटाव तथा गुणा-भाग करने में जुट गए है। गांव से लेकर शहर के चौक चौराहो में मतदान खत्म होने के साथ ही लोगों की भीड़ जुटते ही स्थानीय नेता मतदाताओं का मतदान पक्ष को लेकर मतदाताओं का मन टटोलने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु अब इन सब बातो को दरकिनार करते हुए सभी लोगो को


## लोहरदगा विस क्षेत्र में अन्य विस क्षेत्रों की अपेक्षा सर्वाधिक मतदान जिला प्रशासन को बधाई : नजीर आलम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के 05 विधानसभा क्षेत्रो मे से लोहरदगा विधानसभा मे सर्वाधिक मतदान होने पर जिले के उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस विन जमाँ, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा समेत समस्त जिला प्रशासन को स्वच्छ, निष्पक्ष, एवं शांतिप्रिय मतदान सम्पन्न कराने को लेकर जिला शांति समिति सद्स्य नजीर आलम खान ने समस्त जिला प्रशासन को हार्दिक बधाइयाँ और शुभकामनाएं दी है। उन्हौंने कहा कि पुरे लोकसभा क्षेत्र मे 66.45 प्रतिशत मतदान हूई जिसमे लोहरदगा विधानसभा 70.04 प्रतिशत, गुमला विधानसभा क्षेत्र 64.74 प्रतिशत, मान्डर विधानसभा क्षेत्र 67.39 प्रतिशत, शिसई विधानसभा क्षेत्र मे 66.11 प्रतिशत, और विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र मे 63.35 प्रतिशत, लोहरदगा लोकसभा के पांचो विधानसभा क्षेत्र मे सर्वाधिक मतदान प्रतिशत लोहरदगा का 70.04 प्रतिशत रहा। खान ने कहा कि मतदान के प्रतिशत मे इस प्रकार की वृद्धि जिला के उपायुक्त एवं जिला प्रशासन के द्वारा मतदान को लेकर विभिन्न प्रकार के चलाये गये जागरुकता कार्यक्रम का प्रतिफल है, उन्होने जिला प्रशासन को जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मे भी शांतिपूर्वक मतदान संपन्नता को लेकर उपायुक्त समेत सभी जिला प्रशासन के पदाधिकारी, मतदान कर्मी, सुरक्षा कर्मी को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## इंद्रनील भारती आई आई एम सी आल इंडिया में 318 रैंक पर काबिज



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू माराडीह जैसे छोटे से गांव से अपनी शिक्षा पूर्ण कर अविराम संस्थान के सचिव इंद्रजीत भारती के ज्येष्ठ पुत्र इंद्रनील भारती ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन जो भारत सरकार की आई आई एम और आई आई टी के समकक्ष संस्थान है की प्रवेश परीक्षा (CUET एग्जामिनेशन) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया,जो कि मास कम्युनिकेशन का भारत का प्रतिष्ठित संस्थान में से एक है, इसकी प्रवेश परीक्षा में जिसमे लाखो बच्चे प्रवेश हेतु परीक्षा देते है, आल इंडिया में तीन सौ अठारह रैंक प्राप्त कर लोहरदगा जिले का नाम रोशन किया। इसी वर्ष डिजिटल मीडिया के लिए सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई, सिंबॉसिस यूनिवर्सिटी पुणे और हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा भी अच्छे रैंक से उत्तीर्ण की है। इंद्रनील भारती ने प्राथमिक शिक्षा माराडीह स्थित अविराम एकेडमी से प्राप्त कर लिवेंस एकेडमी और श्यामली रांची और दिल्ली यूनिवर्सिटी से होनहार मेधावी छात्र के रूप में अपनी पढ़ाई की और वे आगे ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु अपने पिता इंद्रजीत के पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य करना चाहते है। इंद्रनील का कहना है कि उनका पूरा परिवार विशेष रूप से वे अपने पिता और अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार की दूरदर्शिता ग्रामीण विकास, शिक्षा, आजीविका आदि के कार्यों को देख कर बड़े हुए है और वे भी मास मीडिया के द्वारा इसी दिशा में कुछ नया करना चाहते हैं।

## संस्थागत प्रसव के लिये जागरुकता अभियान चलाये : रानी देवी



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड क्षेत्र की सभी सहियाओं का बैठक बिटीटी रानी देवी, सुनील महतो और उषा किरण के द्वारा आयोजित किया गया। आयोजित बैठक से पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा की पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.नूतन बाला लकड़ा का आकस्मिक निधन पर सभी स्वास्थ्यकर्मी और सहियाओं द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौनधारण किया गया। वही बैठक में बिटीटी रानी देवी ने सभी सहियाओं को निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को टिकाकरन के बाद एएनएम के द्वारा दिये जाने वाले चार संदेश,संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी के बारे में, पहला एएनसी, कुष्ठ रोग, टीबी बीमारी की खोज के लिये बलगम जांच रिपोर्ट तथा महिलाओं का प्रथम तिमाही एएनसी पकड़ाने के लिये एएनसी जांच हेतु प्रेरित करने के लिये निर्देश दिया गया.वही सहियाओं को बताते हुए कहा गया की सिविल सर्जन डॉ.राजमोहन खलखो द्वारा निर्देश है की संस्थागत प्रसव में विशेष ध्यान की आवश्यकता है। क्योंकि संस्थागत प्रसव से बच्चा जच्चा दोनों स्वस्थ्य रहते हैं। संस्थागत प्रसव के लिये सभी सहियाओं को अपने अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही मलेरिया, सर्दी, खाँसी और जुकाम, बच्चों में होने वाले फोड़ा फुंसी जैसे अन्य बीमारियों से बचाव और उपचार के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर बिटीटी रानी देवी, उषा किरण, सुनील महतो के अलावे शकुंतला देवी, मरियम टोप्पो ललिता शुक्ला, अनिता देवी, शोभा देवी, गुड़िया देवी, पारसमणी उराँव, नीलम माधुरी, आभा देवी सहित प्रखंड क्षेत्र की अन्य सभी सहिया उपस्थित थे।

## झारखंड पार्टी के कार्यकर्ता पर कॉग्रेस का आरोप, कांग्रेस पार्टी के बूथ एजेंट के बेटे के साथ हुई मारपीट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** खुंटी लोकसभा चुनाव दिनाँक 13-05-2024 को हुए मतदान के दिन कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत बूथ एजेंट सुशील एक्का के पुत्र निरोज एक्का को झारखण्ड पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिस बेरहमी से मार पीट किया गया, जिससे निरोज एक्का की हालत गंभीर हो गई, उक्त मामला का जानकारी मिलते ही कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचे और डाक्टरों से सही ईलाज हेतु कहे, किन्तु मरीज की हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उच्च स्तरीय ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया। तत्पश्चात कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी रांची रिम्स पहुंच कर वहां मरीज और उनके परिजनों से मुलाकात किए। विधायक ने रिम्स के अधीक्षक से मिलकर बेहतर ईलाज के लिए कहा।रिम्स अधीक्षक ने विधायक को आश्वस्त किया कि मरीज को अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक ने इस कृत्य पर कहा कि जो भी हुआ वो सही नहीं हुआ। क्यों कि लोकतंत्र में सब स्वतंत्र है जिसे चाहे अपना मत दे, किन्तु ये कृत्य दर्शाता है कि वो लोग जिन्होंने इसे अंजाम दिया वो तानाशाही रवैया अपना रहा है।ये गलत है। वैसे लोगों पर कानून सम्मत कार्रवाई होनी चाहिए।अगर इस पर उचित क़दम नहीं उठाया गया तो कानून तोड़ने वाले का मनोबल बढ़ता जाएगा। विधायक ने परिवार वालों को कहा कि धैर्य रखिए पुलिस प्रशासन इस पर उचित कार्रवाई करेंगे।

## विश्वास, आस्था एवं एकता का प्रतीक होता है गिरजाघर, जो ईश्वर एवं इंसान को जोड़ता है : विधायक भूषण बाड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** पाकरटांड के करजीटांड मण्डली में नवनिर्मित गिरजाघर का पवित्र संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। ख्रीस्त सालोम नामक गिरजाघर का पवित्र संस्कार सेंट्रल डायोसिस के बिशप निस्तार कुजूर की अगुवाई में सम्पन्न हुए। मौके पर बिशप की अगुवाई में मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। इसके बाद पवित्र आशीष जल का गिरजाघर में छिड़काव किया गया। बिशप का सहयोग पादरी जस्टिन एक्का, पादरी पीटर खाखा,पादरी चंबीतास बिलोकन एक्का,पादरी एडवर्ड लकड़ा,पादरी सोनी एक्का,पादरी जकरियस मिंज ने किया। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी शामिल हुए। विधायक ने नए गिरजाघर के पवित्र संस्कार कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गिरजाघर विश्वास, आस्था एवं एकता का प्रतीक है,जो ईश्वर एवं इंसान को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्माण कार्य आसान नहीं होता। उसके लिए योजना, परिश्रम, आपसी तालमेल और समझदारी की आवश्यकता होती है। प्रभु का मंदिर सबके लिए खुला रहना चाहिए। जिसकी कृपा इस मंदिर में पाएंगे, उसकी झलक जीवन में दिखनी चाहिए। विधायक ने कालिसिया व मंडली को संगठित रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह बुंद - बुंद से घड़ा भरता है। उसी तरह नए गिरजाघर को यहां के लोगों को सजाने व संवारने के लिए प्रयास करना होगा। *परमपिता परमेश्वर सभी लोगों पर अपनी कृपा बरसाय~ बिशप निस्तार कुजूर* अपने संदेश में बिशप निस्तार कुजूर ने कहा कि यीशु मसीह ने सब को यह संदेश दिया है की दुश्मन को प्यार करो। जुल्म करने वालों पर अच्छा करने की प्रार्थना करो। निस्वार्थ भावना से किसी की भी सेवा करने पर मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि परमपिता परमेश्वर सभी लोगों पर अपनी कृपा बरसाय। हम सबको अपने पापों के लिए क्षमा करें। उन्होंने गिरजाघर की पवित्रता को बनाये रखने एवं यीशु मसीह के संदेशों को अपने जीवन मे आत्मसात करने की अपील की।

## हर्षनाथ महतो एवं जितेंद्र महतो ने भाजपा को 21,000 से जीत का किया दावा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री जितेंद्र महतो एवं भाजपा उपाध्यक्ष श्री हर्षनाथ महतो ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा पांच विधानसभा के बुद्धिजीवी कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, के संयुक्त एग्जिट रिपोर्ट के आधार पर लोहरदगा लोक सभा भाजपा के प्रत्यासी समीर उरांव लगभग 21,000 हजार मतों से जीत हासिल करेंगे। लोहरदगा लोकसभा मतदान केंद्र पर लगे बुथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता, पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष मंच मोर्चा अध्यक्ष, भाजपा जिला अध्यक्ष, प्रखंड प्रभारी जिला प्रभारी एवं लोकसभा प्रभारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा,विश्व के लोकप्रिय नेता व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी को कोटि-कोटि साधुवाद।

### कालीकरण पथ निर्माण में गुणवत्ता का अभाव ग्रामीण हुए गोलबंद

# विभाग व संवेदक पर लगाया लापरवाही का आरोप जेई ने अनियमितता को नकारा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** कंडरा से चंदवा गढ़गांव पथ नवीनीकरण में अनियमितता को देखते हुए संवेदक के विरुद्ध ग्रामीणों द्वारा नाराजगी जताते कार्य का किया विरोध किया गया। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कंडरा से चंदवा गढ़गांव तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत अष्टभुजा कंट्रक्शन द्वारा करोड़ो की लागत से पथ व पुलिया नवीनीकरण का कार्य आरम्भ किया गया है। पथ निर्माण कार्य मे अष्टभुजा कंट्रक्शन के संवेदक की काफी लापरवाही देखने को मिल रही है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार हस्तक्षेप किया परंतु संवेदक अपनी मनमानी करते हुए निर्माण कार्य को गति देने में लीन है। इस बिंदु को लेकर चार माह पूर्व पुलिया निर्माण के दौरान भी लापरवाही देखी गई थी। जिसको लेकर जेई गोबिंद कुमार से संपर्क कर जायजा लेने पर उनके द्वारा कार्य को गुणवत्ता पूर्ण बताते हुए अनियमितता पर पर्दा डालने का कोशिश किया गया था। परंतु अखबार में न्यूज प्रकाशन होने के बावजूद विभाग का ध्यान आकृष्ट नही हुआ। और संवेदक सभी नियम कानून और गाइडलाइन को ताख पर रख पथ निर्माण में जुटे हुए है। उसी दौरान पथ काली करण कार्य के क्रम में दो दिन पूर्व चंदवा खैरा दह से आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ कालीकरण किया गया जो महीना तो दूर सप्ताह भी नही हुआ और निर्मित काली करण पथ अनियमितता का पोल खोलने लगा जगह जगह पर पिच उखड़ना आरम्भ हो गया है। जिसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीण, गोपाल ठाकुर, दीपक उराँव, रतु उराँव, रोहित सिंह, दीपक सिंह रामलाल पाहन, बैजनाथ उराँव अनिरुद्ध राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नही किए जाने पर ग्रामीण कार्य के प्रति रोष प्रकट करने के साथ निर्माण कार्य का बहिष्कार करते हुए कहना है कि विभाग की मिली भगत से हो रही कार्य को अनदेखी नही किया जाएगा। जिसे गुणवत्ता पूर्ण कार्य करवाने के लिए स्थानीय ग्रामीण द्वारा गोलबंद हो निर्माण कार्य का बहिष्कार करते हुए कार्य बंद करने का साइड इंजीनियर तथा मुंशी व मजदूरों से कहा गया है।

## एमबी डीएवी विद्यालय में मातृ दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा मातृ दिवस के शुभ अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। ईश्वर और गुरु से भी पूर्व माता का स्थान होता है।एक बच्चे को जन्म देने से लेकर उसे एक अच्छा इंसान बनाने तक सभी पड़ावों में माँ अपने बच्चों के जीवन में बहुत अहम भूमिका निभाती है। ये केवल माँ ही है जो अपने बच्चे के चरित्र और पूरे जीवन को आकार देती है। सभी माँ अपने बच्चे की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। मां के उपकारों की गणना करना असंभव है। बच्चों के हृदय में अपनी माता के लिए सम्मान तथा उनके प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत करने हेतु कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के मध्य अपनी माता के लिए सुंदर व आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी में प्रियांशी विश्वकर्मा, कनक मुखियार, पवनवीर राज, सान्विका सौरभ, स्वाति सोना व सूर्यांश वर्मा ने कक्षा एलकेजी में तृषा कुमारी, रेयांश उरांव, पृषभ राज, अद्वैत आलोक, विवान बंका व मयूरेश कृष्णा केसरी ने कक्षा यूकेजी में आकर्ष पंकज, दिव्यांशु उरांव, अहान उरांव, कन्याका गुप्ता, अलीसबा अहमदअर्चित मिश्रा व सम्राट केसरी ने कक्षा प्रथम में अपूर्व राज, अलिका अम्बर, रक्षित झा, ईशानवि राज, अर्श मुहम्मद, काव्या गुप्ता, काव्या मुखियार, कुमारी आराध्या, खुशी कुमारी व सादिक अख्तार ने कक्षा द्वितीय में दिव्यांश मेहता अथर्व सिद्ध आरोही वर्मा काव्य गोयल भावेश शर्मा प्रयास वर्मा रेयांश विश्वकर्मा, अनबिया आयत मनस्वी गुप्ता वैष्णवी शिवांश शर्मा व शिवाय सिंह ने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में शिक्षक अश्विन पत्रों संगीता मित्तल रजनी प्रसाद समिता दास श्वेता कुमारी व देवकी कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## लोहरदगा डायलसिस केंद्र तथा सदर अस्पताल की हालत पस्त, लाचार मरीज ईलाज हेतु मजबूर : रितेश कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा सदर अस्पताल की लचर व्यवस्था को लेकर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि सांसद सुदर्शन भगत के सौजन्य से स्थानीय ज़िला सदर अस्पताल में किडनी मरीज़ के ईलाज़ हेतु डायलसिस केन्द्र की शुरुआत की गयी। ताकि गरीब व लाचार मरीज़ का जो किडनी खराब होने के कारण प्रत्येक दूसरा दिन या सप्ताह में या प्रत्येक महीना पन्द्रह दिन में डायलसिस करवाना अनिवार्य होता है ताकि उनकी जीवन को कुछ सुनिश्चित समय के लिये बचाया जा सके। परन्तु सालभर छः महीना भी अभी डायलसिस केंद्र शुरू हुए नहीं हुआ है और सही तरीके से डायलसिस नही होने के कारण मरीज़ का जीवन खतरे में आ गई है। ताज़ा उदाहरण मेनका सिनेमा के समीप रहनेवाले राजेश सोनी विगत दो वर्ष से किडनी रोग से ग्रस्त है तथा पिछले छः माह से डायलासिस से गुजर रहा है। चूँकि राजेश की माली हालत ठीक नही है इसलिए सगे सम्बन्धी तथा दोस्तों की मदद से वह ईलाज़रत है तथा सदर अस्पताल में प्रत्येक सप्ताह डायलासिस भी करवा रहा है,परन्तु इस दौरान दो बार ऐसी स्थिति हुई कि उसका सीना में पानी भर गया तथा साँस लेने मे समस्या उत्तपन्न हो गयी तथा गम्भीरावस्था में रांची रिम्स रेफर कर दिया गया,वह तो ईश्वर का कृपा है कि समय पर ईलाज़ के कारण उसको नया जीवनदान मिल जाता है,कल रात भी उसके साथ ऐसा ही हुआ है। पूरा सीना में पानी भर गया और जब सदर अस्पताल इष्ट मित्र व परिवार लेकर पहुंचे तो अस्पताल प्रबंधन हाथ खड़ा कर दिया तथा रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। मेरा प्रश्न झारखण्ड सरकार व प्रशासन से इतना ही है कि कब तक सदर अस्पताल रेफरल अस्पताल बनकर रहेगा। विगत रामनवमी में भी बहुत बड़ा हादसा हुआ और सदर अस्पताल का रोल बिल्कुल नगण्य रहा सिवाय मृतक का पोस्टमार्टम करने के। आज ज़रूरत है कि कम से कम *एक सरकारी सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल लोहरदगा ज़िला में खुले ताकि दुर्घटनाओं से ग्रस्त तथा आम गम्भीर मरीज़ों का इलाज पूर्ण सुविधा के अनुसार हो सके। भगवान झारखण्ड सरकार, प्रशासन तथा जिला जनप्रतिनिधियों को सद्बुद्धि दे।

### स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय गंधर्व भगत की 16 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

## श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ो लोगों ने स्वर्गीय गंधर्व भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें दिया श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी ,समाजसेवी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत के पिता स्वर्गीय गंधर्व भगत के 16 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सुखदेव भगत की आवास में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सबसे पहले पुरोहित परमानंद मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया गया तत्पश्चात आवास में स्थित स्वर्गीय गंधर्व भगत के प्रतिमा पर जयेष्ठ पुत्र दुर्गा भगत, कनिष्ठ पुत्र झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, पुत्रवधू चंद्रपति भगत, अनुपमा भगत पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष,पौत्र अभिनव सिद्धार्थ राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस, शाश्वत सिद्धार्थ के साथ-साथ सैकड़ो लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। स्वर्गीय गंधर्व के अंदर बचपन से ही भारत देश को आजाद कराने के प्रति उनके मन में एक जज्बा थी। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन का राष्ट्रीय अधिवेशन महात्मा गांधी के नेतृत्व में रामगढ़ में आयोजित किया गया था वे अपने सहपाठियों के साथ साइकिल से रामगढ़ अधिवेशन पहुंचे थे। आजादी के बाद वे समाजसेवी के रूप में भी काम करते हुए गरीब दुखियारी को सहायता करते थे। राष्ट्रहित में हम सभी काम करें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में आलोक कुमार साहू, साजिद अहमद, मोहन दुबे, शाहिद अहमद बेलू, विजय उरांव, शाहजहां अंसारी, फूलदेव उरांव, अनिल कुमार, कुणाल अभिषेक, राजेश सहाय, काले उरांव, नारायण उरांव, रवि रोशन बेक, मुस्तफा अंसारी, लालू उरांव,शफीक अंसारी, महताब आलम, गुलाम जिलानी, शूजाउद्दीन राजा, परवेज कुरेशी, मुस्तफा अंसारी, परवेज आलम इत्यादि थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज अभिभावक गोष्ठी किया गया। इस कार्यक्रम में अनुशासन एवं शैक्षिक विकास पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे,श्री अशोक कुमार सिंह एवं सुश्री सुनीता जी द्वारा शैक्षिक विकास पर विचार प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे जी ने कहा कि अनुशासन एवं शैक्षिक विकास के द्वारा ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यालय की प्रगति भी इसी पर निहित है। हमें सदैव संस्कृति संस्कार के पक्ष को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए अभिभावकों को सजग रहने की आवश्यकता है व आचार्य से निरंतर संपर्क बनाए रखना आवश्यक है। इस गोष्ठी में नवोदय, नेतरहाट एवं हजारीबाग बालिका विद्यालय तथा प्रांत के अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम पर विस्तृत चर्चा कर किया गया।




### राहुल गांधी, स्मृति ईरानी से राजनाथ सिंह तक पांचवे चरण में ये दिग्गज लड़ रहे चुनाव

# हाईप्रोफाइल सीटों का समीकरण, 20 को वोटिंग



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के चार चरणों का मतदान हो चुका है। पांचवे चरण में 20 मई को वोटिंग होगी। इस चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, स्मृति ईरानी, राजनाथ सिंह सहित कई दिग्गम चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में इस चरण में जिन 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा, उनमें वर्ष 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने 13 सीटों पर जीत हासिल की थी। केवल रायबरेली लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में गई थी। यहां से सोनिया गांधी ने जीत हासिल की थी।

## यूपी में इन 14 सीटों पर 20 मई को होगी वोटिंग

उत्तर प्रदेश में 20 मई को जिन 14 सीटों पर मतदान होगा, वे हैं- मोहनलालगंज (एससी), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी,जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा। इनमें रायबरेली ही एकमात्र सीट है, जो 2019 में बीजेपी नहीं जीत सकी थी।

## लखनऊः तीसरी बार चुनाव लड़ रहे राजनाथ सिंह

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ लोकसभा सीट से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले एक बार वे 2009 में वे गाजियाबाद सीट से भी चुनाव लड़ चुके हैं। लखनऊ सीट पर उनका मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी के रविदास मेहरोत्रा और बसपा के सरवर मलिक से है।

## अमेठी : स्मृति ईरानी लगातार दूसरी जीत की तलाश में

भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बार फिर अमेठी लोकसभा सीट से चुनावी किस्मत आजमा रही हैं। वे लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव मैदान में उतरी हैं। इस सीट पर कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन ऐनवक्त पर राहुल की जगह किशोरी लाल शर्मा को कांग्रेस पार्टी ने टिकट देकर अपना प्रत्याशी बनाया। किशोरी लाल शर्मा पंजाब, बिहार में प्रदेश कांग्रेस समितियों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने राजीव गांधी के साथ भी रैलियों में भाग लिया है। हालांकि स्मृति ईरानी को अमेठी में कांग्रेस के लिए बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है।

## वायनाड के बाद रायबरेली से भी चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पांचवें चरण में रायबरेली से चुनावी ताल ठोक रहे हैं। उनका मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के दिनेश प्रताप सिंह से है। राहुल गांधी ने इस चुनाव में वायनाड के अलावा रायबरेली सीट से भी पर्चा भरा है। वायनाड में पहले ही वोटिंग हो चुकी है। अब 20 मई को रायबरेली में मतदान होगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद देखना यह है कि क्या वे रायबरेली सीट से चुनाव जीत पाते हैं? रायबेली पारंपरिक रूप से कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा की सीट रही है। खुद सोनिया गांधी इस सीट से चुनाव जीतती आई हैं। हालांकि इस बार वे राज्यसभा की ओर रुख कर चुकी हैं। लिहाजा राहुल गांधी ने इस सीट से पर्चा भरा है। उनके खिलाफ चुनावी मुकाबले में उतरे बीजेपी प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस पार्टी से ही अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। हालांकि वे 2018 में बीजेपी में शामिल हो गए और 2019 में रायबरेली से सोनिया गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा। इस चुनाव में वे 1.67 लाख वोट से हार गए थे। एक बार फिर बीजेपी ने रायबरेली से टिकट देकर उन पर भरोसा जताया है।

## कैसरगंजः बीजेपी ने करण को दिया है टिकट

कैसरगंज यूपी की एक और हाईप्रोफाइल सीट है, जहां 20 मई को पांचवे चरण का मतदान होगा। यहां मौजूदा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को इस बार विवादों के चलते बीजेपी ने टिकट नहीं दिया है। लेकिन उनके ही बेटे करण भूषण सिंह चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। करण का मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी के भगतराम मिश्रा और बसपा के प्रत्याशी नरेन्द्र पांडे से है।

## मोहनलालगंजः केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर चुनावी मैदान में

इस सीट से केंद्रीय मंत्री और बीजेपी उम्मीदवार कौशल किशोर तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उन्हें समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आरके चौधरी से कड़ी टक्कर मिल सकती है। वहीं बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट पर मुकाबला कांटे का देखने को मिल सकता है।

## झांसी और जालौनः कांग्रेस और बीजेपी में कांटे की टक्कर

झांसी से पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य चुनावी मैदान में हैं। वे कांग्रेस के टिकट पर चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। उन्हें बीजेपी प्रत्याशी और वर्तमान सांसद अनुराग शर्मा से कड़ी चुनौती मिल सकती है। वहीं बसपा के उम्मीदवार स्थानीय छात्र नेता रवि प्रकाश मौर्य हैं।

## जालौन, हमीरपुर और बांदा में कैसा रहेगा सियासी रण?

जालौन में केंद्रीय मंत्री भनुप्रताप सिंह वर्मा भाजपा की ओर से चुनावी रण में हैं। जालौन में वे छठी बार चुनाव जीतने की कोशिश करेंगे। उनका मुकाबला सपा और बसपा के उन उम्मीदवारों से है, जो पहली बार सियासी रण में उतरे हैं। हमीरपुर में वर्तमान बीजेपी सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल तीसरी बार जीत के लिए चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। उन्हें सपा के अजेंद्र सिंह राजपूत से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। वहीं बांदा में वर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल एक बार फिर चुनावी मैदान में उतरे हैं। उनके खिलाफ सपा की कृष्णा देवी पटेल और बसपा के मयंक द्विवेदी चुनाव लड़ रहे हैं। मयंक पूर्व बसपा नेता दिवंगत पुरूषोत्तम नरेश द्विवेदी के बेटे हैं।

## फतेहपुर, बाराबंकी, फैजाबाद का सियासी समीकरण

फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद बीजेपी प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति फिर सियासी रण में हैं। वे तीसरी बार जीत दर्ज करने का प्रयास करेंगी। उन्हें सपा के पूर्व राज्य प्रमुख नरेश उत्तम पटेल से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है।

# 23 साल पहले जब ईवीएम मशीन से बूथों पर कराए गए थे मतदान

एजेंसी

**हमीरपुर** : तेईस साल पहले विधानसभा चुनाव में यहां मतदाताओं ने पहली बार ईवीएम का बटन दबाकर वोट दिया था। मतदाताओं में भी पोलिंग बूथों पर ईवीएम मशीन से वोट देने के लिए गजब का उत्साह भी देखा गया था। बूथों पर ईवीएम से पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं की खुशी को लेकर तत्कालीन डीएम भुवनेश कुमार और एसपी आरके तिवारी के प्रेक्षकों के सम्मान में आयोजित कैण्डल लाइट डिनर में खूब चर्चा में रही थी। समाजसेवी जलीस खान ने बताया कि वर्ष 2002 में विधानसभा चुनाव में पहली बार ईवीएम मशीन से मतदान सम्पन्न हुए थे। हर उम्र के मतदाताओं में ईवीएम से मतदान करने को लेकर गजब का उत्साह देखा गया था। बूथों पर ईवीएम का बटन दबाते ही निकली व्हीप की आवाज सुनते ही मतदाता और मतदान कार्मिकों की अचरज भरी मुस्कान से देखते बूथ से बाहर निकलते थे। बताया कि तत्कालीन डीएम भुवनेश कुमार व एसपी आरके तिवारी जरिए प्रेक्षकों के सम्मान में कैण्डल लाइट डिनर पार्टी दी गई थी जिसमें ईवीएम को लेकर खूब चर्चा हुई थी। डिनर पार्टी के अगले दिन हमीरपुर, मौदहा व राठ विधानसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम भी घोषित हो गए थे। सम्मान समारोह में प्रेक्षक अशोक रंजन मोहत्ती, आईएएस (चेन्नई तमिलनाडु), प्रेक्षक रधीर कुमार आईआरएस, सीओ सदर शिवशंकर सिंह, लाइजनिंग अफसर विजय सिंह बीएसए प्रथम, एसके केसरी बीएसए सेकेंड सहित तमाम अधिकारी के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता जलीस खान मौजूद थे।

# मनीष तिवारी के पास कितनी है संपत्ति? पत्नी को दिया ढाई करोड़ का लोन, मगर ज्वेलरी नहीं



एजेंसी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस-आप गठबंधन के उम्मीदवार मनीष तिवारी दंपती के पास चल-अचल 29 करोड़ 68 लाख की संपत्ति है। तिवारी के पास छह करोड़ 53 लाख चल और अचल संपत्ति नौ करोड़ 62 लाख रुपये की है। जबकि 18 अलग-अलग बैंकों में एफडी भी है। शपथ पत्र के अनुसार पत्नी नाजनीन के पास चल संपत्ति दो करोड़ 27 लाख 63 हजार और अचल संपत्ति 11 करोड़ 25 लाख रुपये की है।

**तिवारी के पास एक रिवाल्वर:** मनीष तिवारी के पास कोई भी ज्वेलरी नहीं है। जबकि पत्नी के पास दो किलो 95 ग्राम सोना है। इसकी कीमत करीब एक करोड़ 11 लाख 97 हजार रुपये है। मनीष तिवारी के पास एक रिवाल्वर भी है, जो कि उन्हें अपनी मां से मिला है। मनीष तिवारी पेश से वकील और पत्नी गृहिणी हैं।

**पत्नी को दिया ढाई करोड़ रुपये का लोन:** नामांकन के लिए दाखिल शपथ पत्र के अनुसार मनीष तिवारी ने पत्नी को करीब ढाई करोड़ रुपये का लोन भी दिया है। मनीष तिवारी ने साल 2022-23 में 73 लाख 10 हजार और पत्नी ने 45 लाख रुपये का आयकर रिटर्न भरा। जबकि साल 2018-19 में आयकर रिटर्न 97 लाख 65 हजार रुपये की रही।

**रिलायंस पावर के 25 शेयर भी:** मनीष तिवारी पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। शपथ पत्र के अनुसार उनके पास 25 हजार 850 और पत्नी के पास 40 हजार 800 रुपये कैश है। पति-पत्नी के पास रिलायंस पावर लि. के 25-25 शेयर भी हैं।

**चंडीगढ़ और दिल्ली से की पढ़ाई:** तिवारी के नाम चार कारें हैं, जिनमें दो होडा सिटी, एक होडा अकोड और एक मारूति एसक्रास कार शामिल है। सभी गाड़ियां चंडीगढ़ में पंजीकृत हैं। तिवारी ने स्कूली पढ़ाई चंडीगढ़ के सेक्टर-16 स्थित सरकारी मॉडल स्कूल और बीए एसडी कॉलेज सेक्टर-32 से किया है। लॉ की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से की है।

**कहां-कहां है प्रॉपर्टी:** तिवारी के खुद के नाम पर तीन प्रॉपर्टी (अचल संपत्ति) और पत्नी के नाम पर चार प्रापर्टी है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले अब तक तिवारी की न्यू चंडीगढ़ मुल्लांपुर की प्रापर्टी बढ़ी है।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
**E-mail : ceocomputercell1@gmail.com**

**आम सूचना**

कोई मतदाता न छूटे

**लोकसभा आम निर्वाचन - 2024**
**पांचवां चरण**
**मतदान की तिथि - 20 मई, 2024**

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु **04-चतरा, 05-कोडरमा, 14-हजारीबाग** संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक की विवरणी निम्न प्रकार से है :-

| क्रम सं0 | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | सामान्य प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | व्यय प्रेक्षक क नाम एवं मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 04 - चतरा | Nikhil Nirmal Mob.: 6204946414 | Gopesh Agrawal Mob.: 6206496097 | Saikat Basu Mob.: 6200319653 |
| 2. | 05 - कोडरमा | Alok Kumar Singh Mob.: 9304674574 | Nelli Kumar Subramanyam Mob.: 8987796321 | Gandhi Donthi Mob.: 8294677561 |
| 3. | 14 - हजारीबाग | Chandramauli Shukla Mob.: 8987796320 | Nelli Kumar Subramanyam Mob.: 8987796321 | Rajesh Vithalrao Shelke Mob.: 8987833278 21- Barhi, 22- Barkagaon & 25- Hazaribagh AC<br>Tangirala Muralidhar Mob.: 8092559737 23- Ramgarh & 24- Mandu AC |

04-चतरा, 05-कोडरमा, 14-हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाता, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत/सुझाव के संबंध में आवश्यकतानुसार संबंधित प्रेक्षकों से संपर्क कर सकते हैं।

वोटर्स हेल्पलाईन (टॉलफ्री) - 1950 / 1800-331-1950

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

PR NO-324845 (Election) 24-25

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड

इस बार दिन भर मतदान
सुबह 07 से 05 बजे शाम।